* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 176

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मोतिहारी में जहरीली शराब से 16 लोगों की मौत






**लैंड स्कैम में इडी की कार्रवाई : बक्से में बंद कागजात में है जमीन घोटाले की लंबी फेहरिस्त**

# सेना की जमीन ही नहीं, कई और जमीनों के फर्जीवाड़े खुलेंगे

## ■ खरीद-फरोख्त करनेवाले कई बड़े-बड़े सफेदपोश आयेंगे जद में

## ■ इडी ने अंचलकर्मी के यहां से प्राप्त कागजात को खंगालना किया शुरू

## ■ सात आरोपियों से पूछताछ में खुलेंगे राज, हटेगा मुखौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन की आग अभी थमी नहीं है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन घोटाले का राज खोल कर राज्य में तहलका मचा दिया है। सेना की 4.55 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े से शुरू हुई जांच बहुत दूर तलक जाने की उम्मीद है।

सूत्रों की मानें तो रांची में जमीन घोटाले की फेहरिस्त लंबी है। जिनकी दास्तां अंचलकर्मी भानु प्रताप के घर से मिले चार स्टील के बक्से में ही बंद हैं। इनमें केवल सेना की ही जमीन नहीं, कई अन्य जमीनों के फर्जीवाड़े की बू आ रही है।

इडी ने भानु प्रताप समेत सात लोगों को रिमांड पर ले लिया है। अब इनसे पूछताछ होगी। प्राप्त कागजात और इनके बयानों की पुष्टि होगी। इसके बाद राज्य के ही नहीं, बिहार और बंगाल तक के बड़े व्यवसायी, बिल्डर और सफेदपोश जद में आयेंगे। इन तक एक-एक कर इडी के हाथ पहुंचेंगे।

हालांकि सूत्रों की मानें तो इन सबसे पहले रांची के पूर्व उपायुक्त और वर्तमान में कल्याण विभाग के निदेशक आइएएस अधिकारी छवि रंजन से पूछताछ होगी।






### सात आरोपी चार दिनों की इडी रिमांड पर

सेना के जमीन घोटाले मामले में बड़गाईं सीआइ भानुप्रताप प्रसाद समेत सात लोगों से इडी चार दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। इडी द्वारा गिरफ्तार किये सभी अभियुक्तों की पांच दिनों की रिमांड कोर्ट से मांगी गयी थी। कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है। गौरतलब है कि इडी ने इन सात लोगों को 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।

### छवि रंजन को जल्द बुलाने की उम्मीद

इडी ने कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, रिम्स के कर्मचारी फसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इन सभी को कोर्ट से पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। सूत्रों की मानें तो इनसे पूछताछ के बीच आइएएस अधिकारी छवि रंजन को पूछताछ के लिए जल्द ही बुलाया जा सकता है।

### करोड़ों के फर्जी का राज खुलने की उम्मीद

सूत्रों की मानें तो इडी बक्से में बंद कागजात को खंगाल रही है। इसमें रांची के करोड़ों रुपये की जमीन के फर्जीवाड़े की बात सामने आ रही है। केवल बरियातू स्थित सेना की ही जमीन नहीं, ओरमांझी के मनातू का वाटर पार्क, हेहल अंचल के बगल में बड़ा भूखंड, चेशायर होम रोड स्थित भूखंड समेत कई अन्य जगहों के बड़े भूखंड का फर्जीवाड़ा हुआ है। इडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, इन सबके फर्जीवाड़े पर से पर्दा उठेगा। इडी इन सभी मामलों को समायोजित कर जांच करने की तैयारी कर रही है।

**(छवि रंजन ने सेना की जमीन बेच कर कटवाई झारखंड की नाक, जेल भेजें मुख्यमंत्री : बाबूलाल देखें पेज - 3 पर)**



# झारखंड में 2024 के लिए राजनीतिक दलों का 'वार्म अप' शुरू

## ■ 'खतियानी जोहार यात्रा' से हेमंत ले चुके हैं झामुमो के जनाधार की थाह

## ■ सचिवालय घेर कर भाजपा ने दिखायी ताकत, सड़कों पर किया शक्ति प्रदर्शन

## ■ 'सामाजिक न्याय यात्रा' के जरिये आजसू ने खींची अपनी राजनीतिक लाइन

## ■ 'जय भारत सत्याग्रह' से कांग्रेस भी सड़कों पर, लेकिन उसमें झारखंड के मुद्दे गायब

आजाद सिपाही विशेष

एक साल बाद लगभग इसी समय देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव की गहमागहमी होगी, लेकिन देश भर में इसकी हलचल अभी से सुनाई देने लगी है। अगले महीने कर्नाटक और फिर इस साल के अंत तक मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होंगे। उसके बाद लोकसभा चुनाव की जमीनी तैयारी जोर पकड़ेगी। लेकिन झारखंड में लोकसभा चुनाव के करीब छह महीने बाद विधानसभा का चुनाव होगा। इसलिए राजनीतिक पार्टियों के पास अपनी ताकत का आकलन करने और जनाधार के विस्तार के लिए पर्याप्त समय बचा हुआ है। लेकिन हकीकत यह है कि राजनीतिक पार्टियों ने झारखंड में अभी से ही 2024 में होनेवाले दोनों चुनावों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। भाजपा को हरा कर राज्य की सत्ता में आये झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 'खतियानी जोहार यात्रा' के माध्यम से अपने समर्थकों को गोलबंद करने का पहला टास्क पूरा कर लिया है, जबकि भाजपा ने चार दिन पहले सचिवालय घेर कर अपने इरादे साफ कर दिये हैं कि वह 2024 की लड़ाई को किस हद तक ले जा सकती है। उधर भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी ने राजनीति की अलग लाइन पर चलते हुए 'सामाजिक न्याय यात्रा' के जरिये अपने जनाधार विस्तार की जमीन टटोलनी शुरू कर दी है। लेकिन कांग्रेस इन सबसे अलग दिख रही है। उसके पास झारखंड के लिए न कोई कार्यक्रम है और न विजन। इसलिए वह 'जय भारत सत्याग्रह' के जरिये खुद को राहुल गांधी प्रकरण के इर्द-गिर्द ही समेट कर रख रही है। इन चारों पार्टियों के 'राजनीतिक वार्म अप' के दृष्टिकोण और संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड की राजनीति के लिए 2024 बहुत महत्वपूर्ण होनेवाला है। अगले साल की पहली छमाही में लोकसभा का चुनाव होगा और दूसरी छमाही में विधानसभा का चुनाव। इन दोनों चुनावों में हालांकि अभी एक साल से अधिक का समय बाकी है, लेकिन राज्य के राजनीतिक माहौल में अभी से चुनावी बयार बहने लगी है। राजनीतिक दल अपनी चुनाव मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के काम में जुट गये हैं और दूसरी तरफ खुद को इन चुनावी मुकाबलों में बनाये रखने के लिए 'वार्म अप' करने लगे हैं। चाहे वह सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की बात हो या भाजपा की हो या आजसू पार्टी की। सभी राजनीतिक दल अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ सड़क पर हैं। सबमें अपने आपको जनता का सबसे ज्यादा हितैषी बताने की होड़ लगी है। इससे कहीं अधिक सभी दल अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत का आकलन कर रहे हैं। जेएमएम की 'खतियानी जोहार यात्रा' के बाद आजसू की ओर से 'सामाजिक न्याय यात्रा' निकाली जा रही है, तो भाजपा भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में सचिवालय घेर कर शक्ति प्रदर्शन में लगी है। कांग्रेस 'जय भारत सत्याग्रह' के जरिये अपने नेता को सजा सुनाये जाने के प्रति विरोध जता रही है।

### खतियान के सहारे झारखंड मुक्ति मोर्चा

बात शुरू करते हैं सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा से। 2019 में पार्टी ने कांग्रेस और राजद के साथ मिल कर राज्य में पहली बार गैर-भाजपाई बहुमत की सरकार बनायी थी। हेमंत सोरेन के अब तक के चार साल के शासन काल के दौरान पार्टी ने यदि अपना जनाधार बढ़ाया नहीं है, तो खोया भी नहीं है। 1932 का खतियान, पिछड़ा आरक्षण, स्थानीयता नीति और निजी क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के अलावा विस्थापन आयोग, सरना धर्म कोड, पुरानी पेंशन स्कीम और झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान जैसे झारखंड के भावनात्मक मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा कर हेमंत सोरेन ने झामुमो को मजबूत ही किया है। वैसे तो पार्टी संगठन की ओर से अभी किसी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अलग-अलग प्रमंडलों का ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री संथाल परगना के दौरे पर थे। 10 अप्रैल को उन्होंने गोड्डा में करोड़ों की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया, वहीं 11 अप्रैल को साहिबगंज के ऐतिहासिक भोगनाडीह में उन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता हेमलाल मुर्मू की घर वापसी करायी। हेमलाल मुर्मू पहले झामुमो में ही थे। दो बार मंत्री भी रहे, लेकिन नौ साल से उन्होंने भाजपा का भगवा धारण किया था। इससे कुछ माह पहले तक हेमंत सोरेन 'खतियानी जोहार यात्रा' के जरिये 1932 को लेकर आदिवासी जनभावना को टटोल रहे थे। अब अगले कुछ दिनों में उनकी दोबारा 'खतियानी जोहार यात्रा' शुरू करने की चर्चा है, क्योंकि राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता का विधेयक लौटाये जाने के बाद इसे रोक दिया गया था। हालांकि यह अभी भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का मुख्य चुनावी एजेंडा है। जनभावना भी इसकी तस्दीक करती है। मुख्यमंत्री भले ही 'खतियानी जोहार यात्रा' में ना हों, लेकिन सामान्य सरकारी दौरे में भी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री इसका जिक्र करना नहीं भूलते। 11 अप्रैल को साहिबगंज में उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान लागू कराने की हमारी सौ फीसदी मंशा है, लेकिन भाजपा ने कानूनी अड़चन लगा कर इसे रोक दिया।

अपनी सरकार के खिलाफ भाजपा की ओर से लगाये जा रहे भ्रष्टाचार के तमाम आरोपों के बावजूद हेमंत सोरेन लगातार झारखंड से जुड़े इन मुद्दों को उठा कर भाजपा को यह संदेश दे रहे हैं कि वह आसानी से हार माननेवालों में नहीं हैं। 2024 में वह पूरी ताकत से मैदान में मुकाबला करेंगे।










### भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम

अब बात भाजपा की। 11 अप्रैल को राज्यभर से कार्यकर्ताओं को बुला कर शीर्ष नेताओं की अगुवाई में झारखंड सचिवालय का घेराव करना दरअसल भाजपा की ओर से शक्ति प्रदर्शन ही कहा जायेगा। करीब डेढ़ साल बाद सड़कों पर होनेवाले इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सभी सांसद और विधायक जुटे थे। यह एक तरह से भाजपा का शक्ति प्रदर्शन ही था। भाजपा के नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद सचिवालय घेराव की अगुवाई भी की। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान लाठीचार्ज हुआ और आंसू गैस के गोले दागे गये। भाजपा ने जहां राज्य सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन को ताकत से कुचलने का आरोप लगाया, वहीं झामुमो ने इस कार्यक्रम को फ्लॉप शो करार दिया।

भाजपा ने इस घेराव कार्यक्रम से साफ कर दिया कि वह चुनाव मैदान में झामुमो के साथ दो-दो हाथ करने के लिए तैयार है। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की गिरती हालत, कथित तुष्टीकरण और दूसरे मुद्दों के साथ वह झामुमो को घेरने के लिए मजबूत किलेबंदी कर चुकी है। भाजपा के आंदोलन के दौरान सबसे खास बात यह रही कि वह 2024 में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए एजेंडा सेट करने की प्रक्रिया में जुटी हुई दिखी।

### 'सामाजिक न्याय यात्रा' से आजसू का आगाज

आजसू पार्टी रामगढ़ उपचुनाव के साथ ही एनडीए के खेमे में आ चुकी है। दोनों ही पार्टियों के शीर्ष नेता कह चुके हैं कि चुनावी राजनीति में एक से भले दो होते हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में मिले सबक का रामगढ़ में लिटमस टेस्ट हो चुका है। रामगढ़ में एनडीए की ओर से आजसू की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने जीत हासिल की। भाजपा के साथ उसका चुनाव पूर्व गठबंधन तय है, लेकिन अभी फिलहाल आजसू पार्टी अपनी सहयोगी भाजपा से अलग 'सामाजिक न्याय यात्रा' के जरिये जनता के बीच पहुंचने के प्रयासों में जुटी है। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने 13 अप्रैल को 'सामाजिक न्याय यात्रा' के दौरान कहा कि यदि हेमंत सोरेन और कुछ वक्त तक सत्ता पर काबिज रहे, तो झारखंड आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक मोर्चे पर पंगु हो जायेगा। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि यह सरकार युवाओं को छल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।

### कांग्रेस के तरकश से झारखंड गायब

अब बात देश की सबसे पुरानी पार्टी की। झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस इन दिनों अपने नेता राहुल गांधी को मोदी उपनाम मामले में सूरत जिला अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाये जाने और लोकसभा की सदस्यता रद्द किये जाने के बाद 'जय भारत सत्याग्रह यात्रा' पर है। करीब दो हजार किलोमीटर की प्रस्तावित इस यात्रा को झारखंड में सफल बनाने के उद्देश्य से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे यहीं डेरा डाले हुए हैं। अब तक झारखंड के 24 में से 19 जिलों में जय भारत यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम में अपेक्षित भीड़ भी उमड़ी और इससे जनभावना का पता चलता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि झारखंड में 'जय भारत यात्रा' के दौरान कांग्रेस पार्टी जनता की नब्ज टटोल रही होगी। लेकिन इस यात्रा के मकसद से झारखंड की जनता खुद को कितना कनेक्ट करेगी, यह देखना अभी बाकी है। राहुल गांधी प्रकरण का झारखंड में कितना असर हो सकता है और वह भी ऐसे में, जब बाकी तीन दल झारखंड से जुड़े मुद्दों पर ध्यान लगा रहे हैं, यह कांग्रेस को सोचना होगा। वैसे राजनीतिक हलकों में झारखंड में कांग्रेस के लिए 'अपनी डफली अपना राग' वाली कहावत को ही फिट बताया जा रहा है।

कुल मिला कर झारखंड में सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावी मोड में हैं। सबने अपने-अपने पत्ते चलने शुरू कर दिये हैं। जनता को लुभाने के लिए कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं। अलग-अलग कार्यक्रम, चाहे वह सामाजिक न्याय यात्रा हो, सचिवालय घेराव कार्यक्रम हो, खतियानी जोहार यात्रा हो या फिर जय भारत सत्याग्रह। सबका मुकाम मिशन-2024 ही है।

---

## पहले सौतेली मां को मार डाला फिर खुद फांसी लगा कर मर गया

**पूर्वी सिंहभूम के लेदा गांव की घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र की बांकी पंचायत अंतर्गत लेदा गांव के धिरिडीह टोला में शनिवार की सुबह एक बेटे ने अपनी सौतेली मां गुला हेंब्रम (60 वर्ष) की फरसा से काट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद बेटे गोविंद (36 वर्ष) ने भी घर के अंदर धोती के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद घाटशिला एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो, थाना प्रभारी विमल किंडो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने



शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम हेतु घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गोविंद पिछले कई माह से बीमार था। उसे ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। पिछले तीन-चार दिनों से उसका प्रेशर काफी बढ़ गया था। गोविंद ब्लड प्रेशर की वजह से ना तो सो पा रहा था और ना कहीं जा पा रहा था। शनिवार की सुबह गोविंद की मां आंगन में चावल फटक रही थी। इसी दौरान उसने फरसा उठा कर मां पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। यह देख परिजन दहशत में आ गये और गोविंद को अन्य लोगों की सहायता से आंगन में ही दीवार से बांध दिया। इसके बाद ग्राम प्रधान के यहां चले गये। इधर, गोविंद ने रस्सी खोल कर अपने घर में जाकर धोती के सहारे फांसी का फंदा लगा कर खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चर्चा है कि यह डायन बिसाही से जुड़ा मामला है। लेकिन पुलिस की शुरूआती पूछताछ में आसपास रहने वाले हत्या और आत्महत्या के इस दर्दनाक मामले में मुंह खोलने से बच रहे हैं।

## असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग और बजरंग बली की मूर्ति तोड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के माराफारी थाना क्षेत्र के कसियाटांड़ में शुक्रवार रात दो मंदिरों को असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया है। मंदिर में शिवलिंग और बजरंगब ली की मूर्ति को भी क्षतिग्रस्त किया है। शनिवार सुबह जैसे ही लोगों को इस तोड़फोड़ के बारे में पता चला, इलाके में तनाव फैल गया। मूर्ति तोड़ने की खबर संज्ञान में आने के बाद सिटी डीएसपी, मुख्यालय डीएसपी, माराफारी थाना पुलिस सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वाड की मदद से आरोपितों की खोजबीन शुरू कर दी है। पूरे मामले पर डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन झा खुद नजर बनाये हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थल से फिंगर प्रिंट भी एकत्र किये हैं। मामले को लेकर थाना में लिखित शिकायत की गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर इस वारदात को अंजाम किसने दिया। घटना के संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि मूर्ति तोड़े जाने की सूचना मिली है। देर रात असामाजिक तत्वों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट की मदद से मामले की जांच कर रही है।

## आइइडी की चपेट में आये बाप-बेटे धमाके से उड़े पिता के दोनों पैर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम में नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र इलाके में नक्सलियों की आइइडी से एक और जान चली गयी। पिता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि घायल बेटा भाग कर गांव पहुंचा। सीआरपीएफ कैंप में बच्चे का इलाज चल रहा है। रात भर ग्रामीण का शव जंगल में पड़ा रहा, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई कि उसे लाया जाये।

### पिता की मौत, बेटा घायल

नक्सलियों ने इन इलाकों में सुरक्षा बलों से बचने के लिए आइइडी लगा रखी है, जिसकी चपेट में आने से कई ग्रामीणों ने अपनी जान गंवा दी है। टोंटो थाना क्षेत्र के रेंगाड़हातु से सटे जंगल में आइइडी फटा है। इस धमाके की चपेट में एक पिता और उसका बच्चा आया है। पिता की मौत हो गयी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान मटका कोड़ा के रूप में हुई है, जबकि घायल बच्चे का इलाज रेंगड़ा कैंप में चल रहा है। विस्फोट में मटका कोड़ा के दोनों पैर उड़ गये थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

**रात भर जंगल में पड़ी रही पिता की लाश, बेटा भाग कर गांव पहुंचा**

### जंगल में लकड़ी चुनने गये थे बाप-बेटे

शुक्रवार की दोपहर में मुंडासाई टोला निवासी मटका कोड़ा अपने बेटे के साथ जंगल में लकड़ी चुनने गये थे। शाम करीब चार बजे लकड़ी चुनने के दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। इस धमाके में मटका कोड़ा के दोनों पैर उड़ गये। बेटा भी विस्फोट में घायल हो गया था। बच्चा किसी तरह जंगल से भाग कर गांव पहुंचा और गांववालों को घटना के बारे में जानकारी दी। रेंगड़ा में सीआरपीएफ 174 बटालियन का कैंप स्थापित हैं, जहां गांववालों ने इस धमाके की सूचना दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 37.4 °c | 25.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## भाजपा का प्रतिनिधिमंडल मिला राज्यपाल से, सौंपा ज्ञापन

# सचिवालय घेराव कार्यक्रम की न्यायिक जांच कराने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान घटी घटना की न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। इस संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उनसे मिल कर ज्ञापन भी सौंपा। इसमें पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे। पार्टी ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए कहा कि 11 अप्रैल को रांची में पार्टी की ओर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम को बाधित करने का काम राज्य सरकार ने किया, बावजूद इसके प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से लोकतांत्रिक रहा। लोकतंत्र में सत्ता की विफलताओं, नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म है। इसका पालन लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा ने किया है। कार्यक्रम में शामिल हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता ने धैर्य और संयम का परिचय दिया। कहीं भी कोई तोड़-फोड़ हिंसा नहीं की। ऐसे में पुलिसिया धौंस, फर्जी मुकदमों, संगीन अपराध की कानूनी धाराओं के आधार पर हेमंत सरकार अपने कुकृत्यों पर परदा डालना चाहती है। पार्टी ने आग्रह करते हुए कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुई पुलिसिया कार्रवाई, लाठीचार्ज, नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हुए फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच करायी जाये, दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दें। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार हेमंत सरकार की विफलताओं और नाकामियों को उजागर करती रही है। पार्टी ने राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं के अनुरूप हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों और वादाखिलाफी को सड़क से सदन तक लगातार उजागर किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले आये दिन उजागर हो रहे हैं। राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति यह है कि भ्रष्टाचार के मामले में स्वयं मुख्यमंत्री उनके परिजन, सहयोगी के साथ कई वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हुई है।

**फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच कर सख्त कार्रवाई हो**

# छवि रंजन ने सेना की जमीन बेच कर कटवाई झारखंड की नाक, जेल भेजें सीएमः बाबूलाल

**भाजपा विधायक दल के नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत जमीन घोटाले में अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए सरकार को इन्हें बर्खास्त करना चाहिए। इस संबंध में बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।



### पत्र लिख कर पहले ही दी थी जानकारी

बाबूलाल ने पत्र में कहा है कि आपको ध्यान दिलाना चाहूंगा कि रांची के उपायुक्त पद पर आसीन होते ही छवि रंजन ने रांची और आसपास की कई विवादास्पद जमीनों का गलत ढंग से किसी के नाम बंदोबस्त करना शुरू कर कब्जा दिलवाने का खेल शुरू कर दिया था। यहां तक कि सेना की जमीन का भी फर्जी दस्तावेज तैयार करा कर जमीन दलालों की मदद से शहर के बड़े चर्चित व्यवसायी के हाथों बेच दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर आपको और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को इस पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए हमने पत्र लिखा था। साथ ही समय-समय पर प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी आपके औरआम जनता के संज्ञान में लाया था। इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जमीन का फर्जीवाड़ा जारी रहा।

### सत्ता का संरक्षण प्राप्त या पद का गुमान

बाबूलाल ने कहा कि पिछले दो दिनों से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा छापेमारी में जमीन के फर्जीवाड़ा से संबंधित जो जानकारियां मिल रही हैं, इससे प्रतीत होता है कि तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन को सत्ता का संरक्षण प्राप्त रहा होगा या उपायुक्त को अपने पद का गुमान रहा होगा। छापेमारी से जुड़ी खबरों और छवि रंजन के सभी ठिकानों पर छापेमारी संबंधित कई समाचार जो सभी अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित हुए हैं, जिसकी छाया प्रति आपके अवलोकनार्थ संलग्न है।

### अब तो सरकार करे कार्रवाई

भाजपा विधायक दल के नेता ने कहा कि छवि रंजन के कारनामों के बारे में आपको पत्र लिख कर जानकारी दी थी। साथ ही जांच करा कर इन पर कार्रवाई के लिए आग्रह किया था, लेकिन किस कारण से सरकार मेहरबान रही, इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, ये तो आप ही बता सकते हैं। बजरा, रांची के रैयतों ने रांची के डीसी रहे छवि रंजन पर जमीन के फर्जीवाड़ा से संबंधित आरोप लगाये। कई आरोपों की जांच तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने करायी थी। इसमें तत्कालीन उपायुक्त और कई अधिकारियों को दोषी पाया गया था। लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। छापेमारी के बाद अब तो स्पष्ट हो गया है कि रांची जिले में जमीन घोटाले में तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं, नामकुम सहित कई अंचलाधिकारी, जमीन दलालों और व्यवसायियों की खास भूमिका है। इन सब कारनामों से जनता का सरकार पर से भरोसा उठ रहा है। ऐसी स्थिति में राज्य की छवि और सरकार पर लग रहे आरोपों को देखते हुए आपसे आग्रह होगा कि जमीन घोटाले में संलिप्त तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन सहित दोषी पदाधिकारियों और जमीन दलालों पर बिना बिलंब किये मुकदमा दर्ज करायें। साथ ही दोषी पदाधिकारियों को सेवा से बर्खास्तगी के लिए कार्रवाई करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने बांग्ला नववर्ष की बधाई दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राज्य की जनता को बांग्ला नववर्ष पोइला बोइशाख की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है पोइला बोइशाख राज्यवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति लाये, यह ईश्वर से कामना है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** — परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** — रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** — परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्कघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
• साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
• तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
• बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

PR. 296189 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

झारखण्ड सरकार
104 चिकित्सा परामर्श
24x7 Health Information Helpline
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

## दो दिन से गायब व्यक्ति का मिला शव

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास बंद पड़े मकान के बाहर से शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुयी है। मृतक की पहचान भंडरवा निवासी प्रदीप यादव (45 वर्ष) के रूप में हुयी है जो दो दिनों से गायब था। परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में प्रदीप यादव की हत्या की गयी है। घटना को लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर भी मामले की जांच करने घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना पाकर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई पिंकी रानी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर मृतक के पुत्र सूरज कुमार ने जमीन विवाद में कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

## मौलाना राबे हसनी नदवी का निधन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मुफ्ती नसीम कासमी ने अपने बयान में कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना राबे हसनी नदवी साहब का निधन मिल्लते इस्लामिया के लिए बड़ा नुकसान है। मौलाना राबे साहब की शख्सियत अरब और अजम में एक बहुत बड़ी नेमत थी। मौलाना दारुल उलूम नदवतुल उलमा लखनऊ के नाजिम भी थे। इस्लामिक फिक्ह अकेडमी इंडिया के सरपरस्त और राब्ता आलम-ए- इस्लामी के रुकन थे और मौलाना अली मियां नदवी के भांजा थे। 2002 में काजी मुजाहिदुल इसला कासमी के इंतकाल के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष बनाये गये, तब से पूरी जिंदगी मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की खिदमत करते रहे। उन्होंने पूरी जिंदगी समाज और दीने इस्लाम की सेवा के लिए लगा दिया और लोगों को जोड़कर और साथ लेकर मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड को आगे बढ़ाया। वहीं मौलाना अख्तर कासमी मदरसा हसनाबाद ने कहा कि मौलाना राबे हसनी नदवी की जिंदगी हम छोटो के लिए एक नमूना है। इनके अलावा कारी अब्दुर रउफ, हाफिज अलहाज अब्दुल सत्तार, हाफिज मोहम्मद शफीक आलम, मोहम्मद इस्लाम, मौलबी अफजल हुसैन, डॉ निजामुद्दीन कासमी वगैरह ने भी मौलाना राबे हसनी नदवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत दशारो मे एक व्यक्ति रोड पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल की पहचान मुमताज अंसारी उम्र 38 पिता सदीक मियां ग्राम दशारोखुर्द, मरकच्चो के रूप में हुयी है। ग्रामीणों की मदद से 108 के सहयोग से घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जुलूस निकाला



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोहाल ओंकार होटल के प्रांगण में समाजसेवी राजकुमार पासवान की अध्यक्षता में भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती का आयोजन किया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित किया। कार्यक्रम को पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, कोडरमा विधानसभा निर्दलीय प्रत्याशी विरेंद्र यादव, इंटक जिला अध्यक्ष अरुण यादव, शिव चरण दास, आनंद दास सहित कई लोगों ने संबोधित किया। राजकुमार पासवान के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई ग्राम गोहाल, पिसपीरो, तिलोकरी, महुआगड्डा, खरियोडीह, घुरमुंडा, घरौंजा, पिपचो आदि दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। मौके पर देवनारायण दास, संतोष पासवान, अजीत पासवान, शिव कुमार यादव, बैजनाथ यादव, उमेश पासवान, रंजीत रजक, विजय पासवान, सुरेश दास, जयदेव, राजकुमार दास, किशुन दास, जितेंद्र दास, वासुदेव दास सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों के साथ बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत नावाडीह स्थित रामानंद सागर शिक्षा निकेतन में मीजल्स रूबेला वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में एक बैठक शनिवार को किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार वर्मा एवं सीएचओ मेरी पुष्पा कुल्लू ने संयुक्त रूप से अभिभावकों को रुबेला के लक्षण, उससे बचाव के तरीके बताए। रुबेला बच्चो के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। इसलिए इसके बचाव के लिए वैक्सीनेशन लेना जरूरी है। विद्यालय परिसर में रुबेला का वैक्सिन 18 अप्रैल को दिया जायेगा। बैठक में जो बच्चे वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाये उन बच्चो को विद्यालय परिवार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बैठक में स्थानीय मुखिया बैजन्ती देवी, मुखिया प्रतिनिधी बसंत साव, एएनएम पूजा कुमारी, सहायक शिक्षक रंजित कुमार पासवान, प्रदीप कुमार, उमेश कुमार सिंह, अमित कुमार, विकास कुमार साव, शिक्षिका साक्षी कुमारी, ममता कुमारी, तमन्ना प्रवीण, सरस्वती देवी, नीतू कुमारी समेत विद्यालय के बच्चो के अभिभावक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना अभिविन्यास का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ बीसी स्वेन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। प्रशिक्षुओं को पी.पी.टी. के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के संक्षिप्त इतिहास से अवगत कराया गया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत होने वाले विभिन्न क्रियाकलापों संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से सभी प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु कविता कुमारी, उषा कुमारी, रंजीत कुमार, वैद्यनाथ पंडित, राजन कुमार, सौरभ जितेंद्र कुमार, सोनू पंडित, उमेश कुमार, रोहित कुमार, सूरज कुमार, रोशन कुमार, शमा परवीन, खुशबू रानी, माइकल, मालती कुमारी, अरविंद कुमार, नीलू, धीरज, मृत्युंजय, दीपक, वैभवी, दीपिका, शशांक, स्नेहा, स्वाति, फुल कुमारी, खुशी, अनीशा, राखी, प्रिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान, अजय कुमार गुप्ता, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार तथा चुन्नू कुमार उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने किया।

## कॉन्वेंट में स्कूल कप्तान और उपकप्तान का चयन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2023-2024 के लिए स्कूल कप्तान और उपकप्तान का चुनाव करवाया गया गया। दो दिन पूर्व बच्चों के बीच चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया था जिसमे नामांकन दाखिला से लेकर नाम वापसी व चुनाव प्रचार की प्रक्रिया शामिल था। जिसमें कप्तान के लिए कक्षा दशम के साजन कुमार और कन्हैयालाल मेहता और उपकप्तान के लिए कक्षा नवम की उम्मे कुलसुम, लिली गुप्ता एवम कक्षा अष्टम की श्रेया कुमारी तथा सलोनी कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा। चुनाव के उपरांत शिक्षकों ने मतों की गिनती कर रिजल्ट की घोषणा किये। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा कप्तान व उपकप्तान को माला पहनाकर व चुनाव सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। चुनाव संपन्न करवाने में शिक्षक चंदन कुमार व शिक्षिका शिवानी पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। चुनाव पदाधिकारी के रूप में रानी शर्मा व सुचित्रा सिन्हा व सहायक पदाधिकारी के रूप में उत्तम कुमार व अनूपम दास थे। मौके पर सह निदेशिका खुशबू गुप्ता शिक्षक राजीव रंजन, उमेश कुमार शिक्षिका निशा भारती, पूजा यादव, कविता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### एसपी मनोज रतन चौथे की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन

# अवैध पोस्ता और अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** एसपी मनोज रतन चौथे की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन शनिवार को हुआ। एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया। सबसे पहले रामनवमी को सफल एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा बधायी दी गयी तथा सभी पदाधिकारियों को प्रशस्तीपत्र दे कर सम्मानित किया गया। पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिये गये। जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध पोस्ता और अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना और हिंसा तथा अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सी सी ए एवं एन एस ए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारीयों को अपने अपने क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर सीसीए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आगामी अलविदा जुम्मा और रमजान ईद को लेकर सभी जगहों पर सुरक्षा के इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध गोष्ठी में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकट्ठा।** पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पथ निर्माण विभाग के द्वारा विभिन्न सड़कों के निर्माण में अधिग्रहण की गयी भूमी का मुवाअजा रैयतों को शीघ्र भुगतान कि मांग कि है। वर्ष 2014 2019 के बीच बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पथ निर्माण विभाग से कई पथों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य करायी गयी है, जिसमें निविदा के साथ निर्माण कार्य और भूअर्जन की राशी सरकार से उपलब्ध है जो आजतक अधिग्रहण किए गए जमीन का भुगतान नहीं हुआ है। इचाक मोड़ से करियातपुर, खैरा होते हुए जीटी रोड एनएच 02 बन्डासिंगा (बेलकप्पी) मोड़ तक, बरकट्ठा बजार मोड़ जीटी रोड एनएच-02 से तेतरोन चौक तक पथ निर्माण, बेलकप्पी जीटी रोड एनएच-02 सूर्यकुंड मोड से नवाडीह सूर्यकुंड होते हुए जीटी रोड तक पथ निर्माण, जीटी रोड एनएच-02 घंघरी से पिपचो चौक तक पथ निर्माण, एनएच33 इचाक मोड़ से डुमरोन नावाडीह तिलरा भुसवा होते हुए बहीमर चौक तक पीडब्ल्यूडी पथ निर्माण, पीडब्ल्यूडी पथ करियातपुर मुकतमा मंगुरा मेढकुरी होते हुए झुमरा एनएच 100 तक पथ निर्माण, पीडब्ल्यूडी पथ पलमा चौक से चलकुसा खरगु होते हुए केशवारी सरिया पीडब्ल्यूडी पथ तक पथ निर्माण, पिपचो चौक से डोमचांच एन एच -13 तक पथ निर्माण, तिलैया से बगड़ो जयनगर होते हुए बगड़ो चौक तक पथ निर्माण, उपरोक्त सभी पथ बकरट्ठा विधानसभा के हजारीबाग, कोडरमा एवं गिरिडीह जिले में है, पथ निर्माण कार्य के समय विभाग द्वारा स्थानीय रैयतों को अश्वासन दिया गया था कि मुआवजा राशी उपलब्ध है, निर्माण कार्य होने दें मुआवजा आप सभी को मिल जाएगा परन्तु अभी तक मुआवजा की राशी नहीं मिलने से रैयतों में काफी असंतोष है। उन्होंने मुख्यमंत्री झारखंड से आग्रह किया है कि उक्त पथ निर्माण में प्रभावित भू रैयतों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

# बीएड पाठ्यक्रम में मैथ पेपर जोड़ने की मांग को लेकर नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** विभिन्न महाविद्यालय के बीएड विभाग के छात्र छात्राओं ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में विभिन्न यूनिवर्सिटी के बीएड के अंकपत्र भी संलग्न करके सौपा गया। मांग पत्र के माध्यम से कहा गया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी से अंगीभूत तमाम महाविद्यालय जिनमें बीएड पाठ्यक्रम में 2 वर्ष की पढ़ाई 4 सेमेस्टर के आधार पर होती है। बीएड पाठ्यक्रम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय में एक ही मैथड (पेडागोजी) पेपर के आधार पर बीएड पाठ्यक्रम की पढ़ाई जाती है। जबकि एनसीटीई के नियम अनुसार 2 मैथड पेपर की पढ़ाई होनी चाहिए थी। छात्र जीवन यादव ने कहा कि झारखंड के रांची विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, सिद्धू कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय में बीएड के पाठ्यक्रम में 2 मेथड पेपर के आधार पर पढ़ाई होती है। इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण स्नातक में एक जेनेरिक पेपर के आधार पर डिग्री बांट दी गयी, जिसका खामियाजा छात्र भुगत रहे हैं। बीएड में भी एक मेथड पेपर के आधार पर पढ़ाई का नुकसान छात्र छात्राओं को ही उठाना पड़ेगा। केंद्रीय शिक्षक नियुक्ति व अन्य राज्यों के शिक्षक नियुक्ति में दो मेथड पेपर के आधार पर बीएड की पढ़ाई संपन्न कराई जाती है। निजी शिक्षण संस्थानों में भी दो मेथड पेपर वाले छात्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।एक पेडागोजी पेपर होने से नियुक्ति के कई अवसर सीमित हो जायेगे। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की अनभिज्ञता का खामियाजा छात्र-छात्राएं भुगतने वाले हैं। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा है कि अविलंब सत्र 2021-23 के चौथे सेमेस्टर से ही दूसरे मैथड (पेडागोजी) पेपर की पढ़ाई को शामिल कराया जाए, अन्यथा छात्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। मांग पत्र सौंपने वालों में जीवन कुमार, आलोक कुमार, तंजील रहमान, देव विकास दांगी, विद्याधर कुमार, यशोदा कुमारी, फरहीन कौसर, शानू सिंह, चंदन कुमार, प्रदूमन कुमार, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, मुकेश कुमार समेत अन्य छात्र छात्राएं शामिल थे।

# पुलिस गिरफ्त में प्रसिद्ध एके इंटरनेशनल होटल के संचालक

## डेमोटांड़ की फैक्ट्री सील कोल लिंकेज मामले में की जा रही पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रसिद्ध एके इंटरनेशनल होटल के संचालक और कोयला व्यवसायी एके सिंह को हजारीबाग पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि कोल लिंकेज के मामले में जांच करने के लिए हजारीबाग के सदर एसडीओ विद्याभूषण और जिला खनन पदाधिकारी उनकी डेमोटांड़ स्थित फैक्ट्री में गये थे। इसी दौरान एक ट्रक में कोयला लोडिंग हो रहा था। कोयला लोडिंग करने के दौरान ही कोल व्यवसायी एके सिंह वहां पहुंच गये। ऐसे में कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही थी। उन्हें हिरासत में लेने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग कुमार को भी आगे की कार्रवाई के लिए बुलाया गया। देर शाम खबर लिखे जाने तक एके सिंह को थाने में रखा गया था और आगे की कार्रवाई के लिए प्रक्रिया जारी थी।

एके सिंह जाने-माने कोयला व्यवसायी हैं। यह भी कहा जाता है कि उनके पास सैकड़ों ट्रक और आधा दर्जन से अधिक फैक्ट्रियां भी हैं। डेमोटांड़ कोल फैक्ट्री में जिला प्रशासन ने छापेमारी भी की। छापेमारी करने के दौरान सुपर कोल फैक्ट्री को प्रशासन ने सील कर दिया। वहीं एक ट्रक कोयला भी जब्त होने की बात कही जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन में एसडीओ और डिस्ट्रिक्ट माइनिंग अफसर शामिल थे।

हिरासत में लेने के बाद उन्हें मुफस्सिल थाना लाया गया। मुफस्सिल थाना लाने के बाद किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही थी। आलम यह है कि इस ऑपरेशन में कोई भी पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं।

## कोल खनन परियोजना रद्द करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

**बड़कागांव (आजाद सिपाही संवाददाता)।** अदानी कोल खनन परियोजना गोंदलपुरा को लेकर अधिग्रहित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना पंचायत के गाली रोड तालाब के किनारे पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय भुइया की अध्यक्षता में लगातार चौथे दिन भी जारी है। धरना से पूर्व ग्रामीणों द्वारा मुखिया वासुदेव यादव के नेतृत्व में विगत रविवार को एक बैठक कर अधिग्रहित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कॉल खनन परियोजना रद्द करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया गया। जिसकी सूचना सोमवार को हजारीबाग एसडीओ को दी गई साथ ही साथ उसकी प्रतिलिपि संबंधित थाना व पुलिस पदाधिकारी को दी गई। आवेदन में सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अनिश्चितकालीन सतत रूप से धरना देने का उल्लेख है धरने में गाली, बलौदर, गोंदलपूरा, फुलांग, हाहे गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे। ग्रामीणों कहना है कि जब तक सरकार और जिला प्रशासन अदानी कोल कंपनी को गोंद पूरा से नहीं हटाती है तब तक हम लोगों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा।

## अंशु कुमारी ने किया नेट क्वालीफाई



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया निवासी पूर्व उपप्रमुख अर्जुन प्रसाद अधिवक्ता की पुत्रवधू अंशु कुमारी ने सोशल वर्क विषय में सहायक प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई किया है। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन द्वारा आयोजित UGC NET 2022 का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें सलैया निवासी अंशु कुमारी के क्वालीफाई करने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंशु कुमारी ने स्नातक संत जेवियर कॉलेज रांची तथा टइअ कर से कमपलिट करने के बाद कोरपोरेट की नौकरी रिजाइन करके अपनी फैमिली बिजनेस जवाइन किया साथ ही उन्होंने पिरिपरेसन किया। इसमें सर्वाधिक सहयोग एवं समर्थन सास उर्मिला प्रसाद का रहा। टिचिंग हॉबी है इन्होंने बताया इस विषय में मेरा पहला कदम है आगे बहुत कुछ करना है। कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र मानती हैं। अंशु कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता दिलीप साहु, कंनकलाता देवी तथा पति अभिषेक कुमार जो झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को दी है।

## पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदमा ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शनिवार को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए झारखंड ससस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पदमा द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, सदर हॉस्पिटल रांची, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीएसपी हीरालाल साहा, मेजर विनय कुजूर, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ अश्वनी गोप के द्वारा किया गया, तत्पश्चात तरुण कुमार, संजय कुमार सिंह, शिवनाथ यादव, गौरव कुमार, जयप्रकाश शर्मा, स्वराज शर्मा, वीरेंद्र कुमार, राकेश कुमार सिंह आदि 83 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। जिसमें 50 यूनिट रक्त रांची सदर हॉस्पिटल को एवं 33 यूनिट ब्लड शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध कराया गया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही समस्त रक्त दाताओं और आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में प्रशिक्षण केंद्र के हॉस्पिटल के नर्सिंग, विजय प्रसाद सिंह, इमाम खान, अमरनाथ पांडे, सीएलआई वासुदेव शाह, रांची सदर हॉस्पिटल के राजीव कुमार, रवि कुमार एवं उनकी टीम, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, पूनम कुजुर, निहाल राज, गोपाल प्रसाद, अजीत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## आजसू अध्यक्ष गौतम वर्मा की माता का निधन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बादम निवासी गौतम कुमार वर्मा के माता विलाशो देवी का आकस्मिक निधन हो गया। वे 97 साल की थी, वे अपने पीछे चार पुत्र कैलाश वर्मा, गौतम कुमार वर्मा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनका दाह संस्कार बादम दुर्गा मंदिर के निकट श्मशान घाट में किया गया। इनका मुखाग्नि छोटे पुत्र ने दिया। मौके पर आजसू रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को दुख सहने की क्षमता भगवान प्रदान करें। इनके शव यात्रा और शोक सभा में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, राजा खान, विक्रम गुप्ता, विजय कुमार, चंद्रदेव राम, टिकेंद्र महतो, बब्लू पासवान, बब्लू वर्मा, रोशन वर्मा, सनी वर्मा, श्रीराम वर्मा, निशांत गौरव सहित रिश्तेदारों व अन्य गणमान्य लोग शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही साथ मृत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन धारण रखा।

## सदर विधायक ने किया स्कूल के उन्नयन कार्य का शिलान्यास



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, महेशरा परिसर में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएमएफटी मद से राजकीय मध्य विद्यालय महेश्वरा के उन्नयन कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस योजना अंतर्गत कुल करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की राशि से स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल, क्लास रूम, शौचालय, पेयजल सहित अन्य कार्य होना है। ज्ञात हो की इस स्कूल में कुल 270 बच्चे अध्यनरत हैं और महज 4 कमरे से ही यहां विद्यालय का संचालन किया जा रहा था। ऐसे में इस विद्यालय का कायाकल्प होने से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। इस मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की डीएमएफटी मद से जिले के शिक्षा के मंदिरों का कायाकल्प किया जा रहा है जो बेहद सराहनीय पहल है। मौके पर दारु विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, स्थानीय मुखिया पिंकी देवी, उपमुखिया सुरेश साव,अशोक कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजन सिन्हा, प्रमोद राम, विकाश यादव, विकाश कुमार विक्की, इंद्रदेव कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, अर्जुन साव, मोहन साव, प्रदीप यादव, उमेश रविदास, नांदो महतो विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैय्यद मंजर हसन, वीना देवी, स्वाति तिवारी, पूर्णेंदु कुमार, मनीष सिंह, रंजय सिंह, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य कई स्कूली विद्याथी मौजूद रहें।

## क्षेत्र में मारपीट करने और जान से मारने का प्रयास

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरकट्ठा अडवार में मारपीट करने कर जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस बाबत देवंती देवी पनि इंद्रदेव ठाकुर ग्राम बरकट्ठा निवासी ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। आवेदन में लिखा कि मेरा पति दिमागी रूप से कमजोर है। इसलिए मैं अपने बच्चों और अपना पेट मजदूरी कर भरती हूं। मेरी पुत्री की उम्र 17 वर्ष की है और उसकी शादी करने हेतु पैसे की जुगाड कर रही हूं। मेरे ससुर कारू ठाकुर सारे जगह जमीन बेच कर सारा पैसा बड़ा पुत्र और छोटी बहू को दे रहे हैं। बुधवार 14 अप्रैल को हमने ससुर से जमीन का पैसा का अपना हिस्सा मांगने गयी तो ससुर कारू ठाकुर, सास पार्वती देवी, गोतनी गेंदिया मसोमात ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। इन लोगों ने मेरे गले का चेन छीन लिया। ए सभी मिलकर मेरे साथ कई बार मारपीट कर चुके हैं। उसने लिखा कि ए सभी लोग कहते है कि तुम डायन हो तुमने ही अपने देवर की जान ले ली है। मामले को लेकर बरकट्ठा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। इस मामले का केस नंबर 60/23 है।

## मरीजों के बीच सुनाई देनेवाली मशीन वितरित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत नि: शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चल रहा है। दिनांक 12 अप्रैल से कान से संबंधित समस्याओं का ईलाज चल रहा है, जिसमें काफी संख्या में लोग अपना ईलाज करवा रहे हैं। कई मरीजों का ऑडियोमेट्री, पीटीए जांच किया गया, तत्पश्चात उन्हें सुनाई देने वाली मशीन दिया गया। जिन मरीजों के बीच कान की मशीन का वितरण किया, वे सभी ने जिला प्रशासन कोडरमा को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले हमें सुनाई नहीं देता था, लेकर कान की मशीन मिल जाने से अब सबकुछ सुनाई दे रहा है। 14 अप्रैल को कुल 494 मरीजों ने कान से संबंधित समस्या के ईलाज हेतु निबंधन कराया गया, जिसमें था, जिसमें 424 मरीजों का शुगर और बीपी की जांच की गई। कान से संबंधित 116 मरीजों के बीच सुनाई देने वाली का वितरण किया गया। 163 मरीजों का ऑडियोमेट्री, पीटीए जांच भी किया गया। 10 मरीजों का कान का ऑपरेशन किया गया।

## छिन्नमस्तिका यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा




**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरला कला गांव में श्री श्री मां छिन्नमस्तिका प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा यज्ञ मंडप से निकलकर भैरवी नदी पहुंची। माथे में कलश लेकर श्रद्धालू पैदल चलकर गगनभेदी नारा सत्य की जीत हो असत्य का नाश हो, जय श्री राम, हर हर महादेव, जय शिव शंकर आदि के नारा लगा रहे थे। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला श्रद्धालू शामिल थे। भैरवी नदी से पवित्र जल लेकर कलश की स्थापना की। बताया गया कि श्री श्री मां छिन्नमस्तिका प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी है। यह यज्ञ 15 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक आयोजित है। प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर प्रमुख गीता देवी, अरविंद महतो मेहीराम महतो, महेश महतो, खगेन्द्र उपाध्याय, किशुन उपाध्याय, अनिल महतो, आरती प्रसाद, प्रभात कुमार, बालेश्वर महतो, गणेश महतो, महेंद्र महतो, दुबेश्वर नायक, किनु महतो, प्रदीप महतो, प्रमिला देवी, बिंदु कुमारी, ललिता देवी, झुना कुमारी आदि मौजूद थे।

## टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ऑफिसर्स क्लब जिंदल स्टील एंड पावर के तत्वावधान में कारखाना परिसर में शुक्रवार को टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आगामी 21 अप्रैल तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में प्लांट के 9 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन के मौके पर प्लांट हेड आरके अजमेरियां ने जिंदल कर्मियों को खेल कूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने वर्कलाइफ/डेली लाइफ में भी संतुलन पर विशेष जोर दिया। अजमेरिया ने कहा की जिंदल स्टील कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। यही कारण है कि हर माह कारखाना परिसर में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन की जाती है। इस बार महिलाओं को भी क्रिकेट में भाग लेने के लिए अनिवार्य किया गया है। उद्घाटन मैच में टेक्निकल पैंथर ने कमर्शियल टीम को 7 विकेट से पराजित कर अपनी जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच आईटी विभाग के सुशील सिंह बनें। शनिवार की रात्रि को वॉरियर्स और डॉमिनेटर्स के बीच मैच खेला जायेगा। टूर्नामेंट में आयोजक के रूप में ऑफिसर्स क्लब सक्रिय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## विशाल आमसभा की तैयारी अंतिम चरण में



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य गिरीशंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, रवींद्र मुंडा, सुरेन्द्र महतो व श्याम सुंदर महतो ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया है कि आगामी अठारह अप्रैल को पतरातू के डीएवी स्कूल फुटबॉल ग्राउंड में खतियान महाजुटान विशाल आमसभा का आयोजन होगा, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। आमसभा में रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग होंगे शामिल। उन्होंने बताया विशाल आमसभा में टाइगर जयराम महतो उपस्थित होकर लोगों को संबोधित करेंगे। समिति के पदाधिकारी गिरीशंकर महतो ने बताया टाइगर जयराम महतो की अगुवाई में उन्नीस सौ बत्तीस के खतियान पर आधारित नियोजन नीति को लागू कराकर ही दम लेंगे। आगामी पतरातू के विशाल आमसभा में हजारों लोगों की उपस्थिति दर्ज करा कर अपने हक व अधिकार की लड़ाई को मजबूती प्रदान करेंगे।

## बीजेपी मोर्चा की मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ी जाति ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव व जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम चंद्रवंशी के निदेर्शानुसार टंडवा मंडल कार्य समिति की बैठक सामुदायिक भवन खधैया में मंडल अध्यक्ष रामेश्वर राणा की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में चल रहे गांव गांव चलो घर-घर चलो अभियान एवं ओबीसी मोर्चा संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीब परिवार के लिये किये गये कार्यों पर कई वक्ताओं ने प्रकाश डाला।मौके पर सुनील चौरसिया ने कहा की सच में सतयुग की मानव रूपी पीएम मोदी है,उनकी सोच के कारण भारत के अंतिम व्यक्ति भी विकास कर रहा है।उनके द्वारा गरीबो को उठाने के अनेक योजनाओ से प्रयास किया है।इसके लिये हम पार्टी के एक एक कार्य कर्ता पीएम मोदी जी को आभार प्रकट करता हूं।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा पलामू जिला प्रभारी सुनील कुमार चौरसिया, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर राणा, मंडल महामंत्री अजय गुप्ता, मंत्री देवनाथ महतो, रामचंद्र राणा, सुरेश ठाकुर, नागेश्वर प्रजापति, सुखदेव राणा, रामजतन महतो, जीवलाल प्रजापति, बंसी राणा, भुवनेश्वर प्रजापति, भीम राणा, मीडिया प्रभारी पवन राणा, उपस्थित थे।

## बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर का समापन

**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय स्थित वर्किंग हॉल में 4 दिनों से चल रहे बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन किया गया। शनिवार को 40 बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम को डिलीट करने, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम को एक बूथ से दूसरे बूथ में स्थानांतरित करने सहित मतदाता सूची और फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र की त्रुटियों को सुधारने की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर पतरातू प्रखंड के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुखदेव मरांडी संदीप कुमार सुमित कुमार संजय साहू आदि ने बतौर मास्टर ट्रेनर बीएलओ को प्रशिक्षण दिया।

### विहिप और बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# पूरे विश्व की सभ्यताओं से हमारी सभ्यता हजारों वर्ष पुरानी : सूर्यनारायण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद् का दो दिवसीय प्रांतस्तरीय कार्यशाला का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आलोक रत्न चौधरी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव थे। मौके पर सूर्यनारायण राव ने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता साढ़े चार हजार साल पुरानी है। जो विश्व भर की सभी सभ्यताओं से हजारों वर्ष पुरानी मानी जाती है। जब कहीं बिजली, कंप्यूटर, टेलिस्कोप,विमान या कैलकुलेटर नही हुआ करता था तब भी हमारे ऋषि मुनियों को खगोलीय ज्ञान और ग्रहों की दूरी का ज्ञान था और हमारे वेद और पुराण में शब्द इसके गवाह है। विश्व का सबसे पुराना और हमारी वैदिक ज्ञान का धरोहर कही जाने वाली नालंदा विश्वविधालय को मुगलों के द्वारा जलाया गया था। जिसमें रखी लाखों कीमती पुस्तके कई महीनो तक जलती रही थी। जिससे हमारी वैदिक संस्कृति को नष्ट कर हमें बौद्धिक गुलाम बना सके। आज कुछ विदेशी वैज्ञानिक पृथ्वी और सूर्य की दूरी को अपने यंत्रों से नापने पर अपनी पीठ थपथपा रहें है उसको हमारे गोस्वामी तुलसीदास ने पंद्रहवीं शताब्दी में हीं अपनी स्वरचित हनुमान चालीसा के 18वीं चौपाई में बता दिया था। इसलिए जब दुनिया को खाने और रहने का तरीका नही आता था उस वक्त भी हम विश्वगुरु थे। जिसको आज पश्चात सभ्यता झुठलाने की कोशिश करती है।

### युवाओं की भागीदारी से ही हम सब नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं:तिलक

प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी युवाओं के सहयोग से हमारा संगठन देश के उत्थान में अपना योगदान देने के साथ हीं अपनी सनातन संस्कृति को को संजोए रखने के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर रहे है। जिसको दुनियां ने देखा है। उन्होंने कहा कि चाहे मौका देश में फैली महामारी का हो या देश की संस्कृति और आस्था को बचाने का रहा हो। हमारे बजरंगियों ने हर मौके पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवाकर मुसीबतों का सामना किया और अपनी जीत हासिल की है।

### कौन कौन थे उपस्थित

कार्यशाला में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, प्रांत सुरक्षा प्रमुख मनोज कुमार, जिला मंत्री छोटू वर्मा, सुरक्षा प्रमुख दीपक मिश्रा, प्रांत विधार्थी अमित पासवान, विभाग संयोजक धनबाद रवि वर्मा, सोनू सिंह, विशाल साहू, भवानी सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय बाल शिविर में 90 शिक्षार्थियों ने लिया भाग



रामगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामगढ़ जिला के तत्वधान में तीन दिवसीय बाल शिविर के दूसरे दिन संध्या काल में भारत माता की पूजन और आरती भी कराई गई। इस शिविर का उद्धघाटन शुक्रवार को राधा गोविंद स्कूल में उद्घाटनकर्ता प्रांत के संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू, नगर संघचालक प्रवीण कुमार झा, वर्ग कार्यवाह संजीव कुमार ने संयुक्त रुप से भारत माता, संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार गुरु गोलवलकर और बाबा साहब अंबेडकर जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस बाल शिविर में जिलेभर से लगभग 90 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। बाबा साहब ने इस देश को उन्नति का राह दिखाया : राजीव कमल। शिविर को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता राजीव कमल बिट्टू ने बच्चों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से परिचय कराते हुए बाबा साहब अंबेडकर के जीवनी के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर राष्ट्रीय भाव से ओतप्रोत रहकर आजीवन इस राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहे। भारत के संविधान के संस्थापक के तौर पर कहे जाने वाले बाबा साहब ने इस देश को उन्नति का राह दिखाया है। इसके बाद उन्होंने नचिकेता, प्रहलाद, भरत और आरुणि की कहानियां सुना कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति की दी जा रही है जानकारी बाल शिविर के वर्ग कार्यवाह संजीव कुमार ने बताया कि सभी बच्चों के रहने और खाने की उचित व्यवस्था कराई गई है। इस शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति की जानकारी के साथ-साथ खेलकूद योग व्यायाम के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। साथ ही बच्चों को हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र और भारत माता की प्रार्थना भी याद कराया जा रहा है। ये थे उपस्थित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशलेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षक अनुराग कुमार, रामगढ़ विस्तारक नितेश कुमार, दीपक सोनकर, लव कुमार, शिबू कुमार, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने बिरसा परियोजना कैंटीन में की सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा शनिवार को बिरसा परियोजना कैंटीन में सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राजेश पासवान व संचालन मधु बावरी ने किया। बैठक में कोल इंडिया के मजदूरों का लंबित 11वां वेतन समझौता जल्द से जल्द लागू कराने को ले मजदूरों को जगाने का कार्य किया गया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्र सरकार की ढुलमुल रवैये के कारण कोयला मजदूरों का वेतन समझौता अधर में लटका है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्र सरकार की मंशा साफ नहीं की वेतन समझौता लागू हो। एक साल बीत जाने के बाद भी कई बार मीटिंग हो रही है। लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार एवं कोल इंडिया प्रबंधन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता जल्दी लागू नहीं हुआ तो कोल इंडिया का चक्का जाम कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में कोयला उद्योग को प्राइवेट नहीं होने दिया जायेगा। वक्ताओं ने बताया कि चार श्रम कानून कोड वापस लेने, निजीकरण व मई महीने में वेतन समझौता के सवाल को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में प्रदर्शन करेगी। इसमें अधिक से अधिक मजदूरों को शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की गयी। यह कहा गया कि चार केंद्रीय ट्रेड यूनियन जो जेबीसीसीआई में बैठते हैं, वेतन समझौता को लेकर अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं। जिसके कारण मजदूरों में काफी आक्रोश है। सभा में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव नरेश नायक, परदेशी नोनिया, तारा प्रसाद, सुरेंद्र राम, संजय कुमार सिंह, महेश बेदिया, योगेंद्र यादव, प्रह्लाद रविदास, रामशरण गिरी, कुलदीप करकट्टा, परदेसी मुसहर, बजरंगी मुंडा, शंकर कुमार करमाली, गोवर्धन मुंडा, तुलेश्वर मुंडा, तेज नारायण सिंह, साबिर अंसारी आदि मौजूद थें।

## आंबेडकर जयंती पर निकला भव्य जुलूस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती शनिवार को रतवे में आंबेडकर युवा संघ समिति ने धूमधाम से मनाया। वहीं, भव्य जुलूस निकाला। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के सदस्यों ने भीमराव आंबेडकर की तस्वीर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। वही, संघ के लोगों ने सुसज्जित वाहन पर आंबेडकर जी के चित्र के साथ गांव के विभिन्न टोला मोहल्लों में भ्रमण किया। साथ ही, उनके जीवन शैली को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। जुलूस में पूर्व मुखिया तुलेश्वर प्रसाद, वीरू महतो, अशोक महतो, लालकेश्वर महतो, कोलेश्वर राम, सर्वेश्वर राम, सुरेंद्र राम, वीरेंद्र, सुजीत, जितेंद्र, राजेंद्र, करम, पुरन दिनेश, राजू, महेंद्र कुमार दास, विनोद, सुनील, प्रकाश, मुकेश, तिलेश्वर, रोहित, केदार, जित्तू, गोपाल, मदन, लालेश्वर, सरजू, मनोहर, दिनेश, राजेश, शंकर, संतोष, नागेश्वर, रंजीत, टेकलाल, पिंटू, अनिल, विकास, संजय, वीरेंद्र, सत्येंद्र, रवि, पंकज समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## महावीर रुंगटा और रैयतों के बीच वार्ता के दौरान हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर में जमीन को लेकर महावीर रुंगटा और रैयतों के बीच की वार्ता शनिवार को विफल हो गयी। इस वार्ता के दौरान इतना हंगामा हुआ कि पुलिस पर भी सवालिया निशान खड़ा हो गया। विवाद को शांत कराने के लिए सांसद जयंत सिन्हा ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को किसी भी कदम को उठाने से पहले दस्तावेजों की जांच पूरी होने का निर्देश दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अगर महावीर रुंगटा की कंपनी के पास जमीन के पुख्ता दस्तावेज हैं तो उसका निपटारा अंचल से ही हो सकता है। इस मौके पर सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रविंद्र शर्मा, राजू चतुवेर्दी, उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### रुंगटा ग्रुप ने अवैध घुसपैठ का लगाया आरोप

जमीन मालिकों का कहना है कि उनकी जमीन पर पूंजीपति अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं। दूसरी ओर महावीर रुंगटा कंपनी के पदाधिकारियों का कहना है कि उनके गेस्ट हाउस में गलत तरीके से लोग घुस कर रहे हैं। यह पूरा मामला रांची रोड के हीरक नगर से जुड़ा हुआ है। यहां भूमि पर अधिकार को लेकर जमकर बवाल हुयी। रैयतों ने महावीर रुंगटा की कंपनी पर अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। अपनी मांग को लेकर बड़ी संख्या में रैयत महिला और पुरुषों ने प्रदर्शन किया। वर्ष 2017 से चल रहा है दोनों पक्षों में विवाद रुंगटा ग्रुप की ओर से मौजूद लोगों ने कहा कि वह 2007 से यहां रह रहे हैं। उनकी कंपनी के नाम पर सेल डीड एग्रीमेंट भी है। दूसरी तरफ जमीन मालिकों का कहना है कि उक्त जगह हमारी खतियानी जमीन है। कुछ जमीन की लीज पर दी गयी थी। वर्ष 2017 में अवधि समाप्त होने पर हम लोग जमीन पर गए तो देखा कि रूंगटा के कुछ लोग वहां रह रहे हैं।

### दोनों पक्षों के दस्तावेज की होगी जांच : सीआई

मौके पर अंचल अधिकारी के निर्देश पर जांच करने पहुंचे सीआई राजाराम ने कहा कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी बात रखी है। एक पक्ष का कहना है कि सेल डीड एग्रीमेंट जमीन के असली मालिक के द्वारा नहीं किया गया है। जिसकी जांच के बाद वरीय अधिकारी इस पर अपना निर्णय लेंगे। जब तक कोई ठोस निर्णय नहीं आता है, तब तक उस विवादित स्थल पर यथास्थिति बनी रहेगी।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 02 / 2023-24

Letter No.- CE/3360/473 Date: 15.04.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT02/ 2023-24 | Construction of A Type Quarter (Sewak Quarter) Block 1 at Mandal Kara, Chas in the district of Bokaro. | 25584004.00 | 10000.00 | 256000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT02/ 2023-24 | Internal and External Electrification Work of Mandal Kara at Chas in the district of Bokaro. | 13991462.00 | 10000.00 | 280000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT02/ 2023-24 | Construction of Morcha (Guard Shed) and Reserve Guard Shed at Mandal Kara Chas in the district of Bokaro | 3659932.00 | 5000.00 | 74000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT02/ 2023-24 | Construction of Sitting Gallery near Kitchen and Repair of Kitchen at Mandal Kara Chas in the district of Bokaro. | 5946241.00 | 10000.00 | 119000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT02/ 2023-24 | Repair of Jail Training Institute at Hazaribag in the district of Hazaribag. | 3669725.00 | 5000.00 | 74000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT02/ 2023-24 | Repair of Kitchen at Hazaribag Central Jail in the district of Hazaribag. | 4794295.00 | 5000.00 | 96000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT02/ 2023-24 | Construction of Toilet Block (3 Unit) at district Jail, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 5986051.00 | 10000.00 | 120000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT02/ 2023-24 | Construction of V.C. Room and Record Room at Sub Jail, Tenughat in the district of Bokaro. | 4094915.00 | 5000.00 | 82000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 9 | JPHCL/ GR09/ NIT02/ 2023-24 | Repair work of Perimeter Wall at district Jail, Dhanbad in the district of Dhanbad | 6601562.00 | 10000.00 | 133000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 10 | JPHCL/ GR10/ NIT02/ 2023-24 | Construction of Shed (2 Unit) at Food Distribution Platform at district Jail, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 1866944.00 | 5000.00 | 38000.00 | 120 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 11 | JPHCL/ GR11/ NIT02/ 2023-24 | Repair of Bangladeshi Ward at LNJPN Central Jail, Hazaribag in the district of Hazaribag. | 2981902.00 | 5000.00 | 60000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 20.04.2023 at 11:00 AM to 03.05.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 03.05.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 04.05.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 08.05.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

### गुरु गोविंद सिंह ऑडिटोरियम में कांग्रेस की सभा, प्रदेश प्रभारी हुए शामिल

# देश का लोकतंत्र खतरे में, दबायी जा रही है आवाज: अविनाश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** देश का लोकतंत्र खतरे है। क्योंकि लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर में जनप्रतिनिधियों का आवाज दबाया जा रहा है। इतना ही नहीं जो कोई भी सरकार की नीतियों के खिलाफ या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहा है। उन्हें दबाया जा रहा है। ये बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहीं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चल रहे हैं जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत झारखंड के सभी जिलों में 1350 किलोमीटर की यात्रा निर्धारित है। इसी क्रम में शनिवार को गुरु गोविंद सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा संसद में जनता से जुड़े प्रश्नों को उठाया। सरकार के अडानी से जुड़े मामलों पर सवाल पूछा तो जवाब देने के बजाय षड्यंत्र के तहत उनकी सदस्यता समाप्त करवा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में सत्याग्रह के माध्यम से आंदोलन चलाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इस आंदोलन को और भी तेज किया जायेगा।

### इन्होंने सभा को किया संबोधित

सभा को प्रदेश कांग्रेश कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधानसभा के विधायक अंबा प्रसाद ने भी संबोधित किया।

### जिलाध्यक्ष ने किया अतिथियों का स्वागत

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा सभा का संचालन बलजीत सिंह बेदी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड सरकार के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, रियाज अंसारी, धर्मराज राम, सीपी संतन, प्रीति दीवान, अनु विश्वकर्मा, मुकेश यादव, जकाउल्लाह, दिनेश मुंडा, संजय साहू, शहजाद खान, रुपेंद्र महतो, संकेत सुमन, सागर महतो, मिस्टर अंसारी, संतोष सोनी, वीरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, राजेंद्र नाथ चौधरी, अख्तर आजाद, शेखर पटवा , अभिमन्यु तिवारी, काली स्वर्णकार, गणेश स्वर्णकार, मंजू जोशी, रीना देवी, राजकुमार यादव, तारिक अनवर, गुलाम सरवर, दिगंबर गुप्ता, अनिल मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# कर्नाटक : टिकट कटने पर बवाल

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी में दिख रही नाराजगी कई वजहों से ध्यान खींच रही है। हालांकि अपने देश में चुनावों से पहले पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर असंतोष कोई नई बात नहीं है। अक्सर यह विवाद बड़ा रूप भी लेता रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुआई वाला दौर शुरू होने के बाद से बीजेपी में इस तरह के दृश्य दिखने लगभग बंद हो गए थे। पार्टी खुद को एक अनुशासित इकाई के रूप में पेश करती थी। उसने कई चुनावों में बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटने के प्रयोग भी शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में कर दिखाया। मगर कर्नाटक में इस बार स्थितियां एकदम उलट हैं। इससे पहले नवंबर महीने में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी कुछ सीटों पर बागियों को मनाने में बीजेपी नेतृत्व को परेशानी हुई थी, तब हिमाचल की कुल 68 विधानसभा सीटों में से 21 पर बीजेपी के बागी प्रत्याशी लड़े थे। नतीजा यह कि बीजेपी बहुमत के आंकड़ों तक नहीं पहुंच पायी। जो जानकार कर्नाटक में भी ऐसा ही कुछ होने के आसार जता रहे हैं, उनका तर्क यह है कि अगर पार्टी के अंदर जीत की उम्मीद होती तो बागी प्रत्याशियों को भविष्य में सत्ता में हिस्सेदारी का आश्वासन काम आ जाता। यह नहीं काम आ रहा, इसका मतलब है कि बीजेपी के लिए संकेत कुछ खास अच्छे नहीं हैं।

**कर्नाटक बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने तो खुलकर कह दिया कि पार्टी टिकट दे या न दे, वह चुनाव लड़ेंगे। दूसरे बड़े नेता ईश्वरप्पा ने खुद चुनाव न लड़ने की बात कही है, लेकिन उनके समर्थक अभी तक सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।**

कर्नाटक बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने तो खुलकर कह दिया कि पार्टी टिकट दे या न दे, वह चुनाव लड़ेंगे। दूसरे बड़े नेता ईश्वरप्पा ने खुद चुनाव न लड़ने की बात कही है, लेकिन उनके समर्थक अभी तक सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में पार्टी की लोकल यूनिटों से जुड़े लोगों के पार्टी से इस्तीफा देने की खबरें आ रही हैं। कहा यह भी जा रहा है कि टिकट काटने के फैसले से ज्यादा नुकसान फैसले के ढंग से हुआ है। अगर इन बड़े नेताओं को पहले से विश्वास में लिया जाता तो ये अपने समर्थकों की नजर में अपमानित नहीं महसूस करते। उस स्थिति में पार्टी का नुकसान भी कम होता। बहरहाल, चुनाव में अभी भी वक्त है। बीजेपी नेतृत्व इन असंतुष्ट नेताओं और उनके समर्थकों तक पहुंच कर उनकी बात सुन और अपनी बात उन्हें समझा सकता है। खबर है कि पार्टी नेतृत्व इस काम के लिए येदियुरप्पा का इस्तेमाल करना चाहता है। उन पर यह जिम्मेदारी डाली गयी है कि वह नाराज नेताओं से बात करें, उनकी नाराजगी दूर करें। क्या येदियुरप्पा इस प्रयास में सफल होंगे या पार्टी को यहां भी हिमाचल प्रदेश की तरह बागी प्रत्याशियों की चुनौती का सामना करना पड़ेगा, इसका जवाब आने वाले दिनों में मिल जायेगा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

तत्कालीन भारतीय राजाओं की भूल और आपसी मदभेद के कारण अंग्रेज यहां लगभग 200 सालों तक भारतीयों पर शाषन करने में सफल हुए। उनके खिलाफ कई युद्ध हुए और विद्रोह भी हुआ। उसी में एक विद्रोह हुआ मंगल सिंह पांडेय के नेतृत्व में सैनिक विद्रोह 1857 में। झारखंड भी वीरों की भूमि रही है इस विद्रोह में कहां पीछे रहने वाला था। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंक दिया गया।

# झारखंड से 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने



**लाल सूरज नाथ शाहदेव**

आज अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 165 वीं शहादत दिवस है। इनके नेतृत्व में 1857 का झारखंड विद्रोह से ऐसा लगा था जैसे अंग्रेजी हुकूमत पूरी तरह समाप्त हो गया हो। अंग्रेज भारत में व्यापार करने की नीयत से आये थे लेकिन यहां कि धन संपदा और वैभव को देखते हुए उनकी नियत बदल गयी और वे यहां शाषन करने की योजना बना डाला। तत्कालीन भारतीय राजाओं की भूल और आपसी मदभेद के कारण अंग्रेज यहां लगभग 200 सालों तक भारतीयों पर शाषन करने में सफल हुए। उनके खिलाफ कई युद्ध हुए और विद्रोह भी हुआ। उसी में एक विद्रोह हुआ मंगल सिंह पांडेय के नेतृत्व में सैनिक विद्रोह 1857 में। झारखंड भी वीरों की भूमि रही है इस विद्रोह में कहां पीछे रहने वाला था। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंक दिया गया।

अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का जन्म 12 अगस्त 1817 को बड़कागढ़ की राजधानी सतरंजी में हुआ था। इनके पिता का नाम रघुनाथ शाहदेव तथा माता का नाम वानेश्वरी कुंवर था। राजा एनी नाथ शाहदेव जी के द्वारा उदयपुर और कुंडा परगना को मिलाकर बड़कागढ़ राज्य की स्थापना की गयी थी। इन्ही की सातवी पीढ़ी में ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का जन्म हुआ था। जब ये मात्र 23 वर्ष के थे, तब इनके पिता की मृत्यु 1840 में हो जाती है और राज्य का कार्य इन्हें संभालना पड़ा। इस समय विश्वनाथ शाहदेव ने अपनी राजधानी हटिया स्थित चिरनागढ़ में बनाया। इन्हें मालूम था कि ये नाम मात्र के राजा है, सारी शक्तियां तो अंग्रेजों के पास है। अतः बचपन से ही इनके मन में अंग्रेजों के खिलाफ घृणा का भाव भर गया था। इनका विवाह उड़ीसा के राज परिवार की राजकुमारी वानेश्वरी कुंवर के साथ हुआ था। 1853 में इनके मन मे अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने की इच्छा शक्ति पूरी तरह से परिपक्व हो चुकी थी। ये अपने सैन्य शक्ति को बढ़ाने लगे थे। इन्हें अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने का एक बहाने की तलाश थी। इधर अंग्रेजों का हस्तक्षेप और अत्याचार लगातार बढ़ता ही जा रहा था। 1855 में इन्होंने सारी आशंकाओं को तोड़कर अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह शुरू कर दिया उन्होंने ब्रिटिश सरकार की आदेशों को मानने से इंकार कर दिया तथा स्वयं को एक स्वतंत्र राजा घोषित कर दिया। इनकी ऐसी घोषणा से अंग्रजी प्रशासन तिलमिला उठी एवं उन्हें दंड देने के लिए तुरंत अंग्रेजों की एक फौज भेज दी गयी। उस वक्त रामगढ़ बटालियन का मुख्यालय डोरंडा ही था ।वहां से सैनिक भेज कर इनके हटिया स्थित गढ़ पर हमला करवा दिया गया घमासान युद्ध हुआ। अंग्रेजों के काफी सैनिक मारे गये और अंग्रेजों को वहां से मुंह की खानी पड़ी और वापस लौट गये। इस लड़ाई में विश्वनाथ शाहदेव विजय हुए और वे काफी खुश थे। अंग्रेज इस घटना के बाद झारखंड़ में चुपी साध ली। इस लड़ाई के अभी दो वर्ष बीते भी नहीं थे कि हजारीबाग में 1857 के सिपाही विद्रोह का प्रभाव पड़ा और वहां के सैनिक छावनी में भी विद्रोह का बिगुल फूंक दिया गया। हजारीबाग छावनी में उस वक्त सातवीं और आठवीं बटालियन की पैदल सेना थी। यह सूचना मिलते ही ग्राहम के नेतृत्व में रामगढ़ बटालियन का दो दस्ता बंदूकधारी और 30 घुंडसवारी सेना विद्रोहियों से हथियार रखवाने के लिए भेजा गया, किंतु सैनिक वहां विद्रोह करने के बाद उनके सरकारी अधिकारियों को कुचलते हुए, कार्यालयों को तोड़ते और आग लगाते रांची की ओर चल पड़े थे। पिठोरिया के पास कुछ अंग्रेजों के मददगारों ने इन सैनिकों को रोकने का प्रयास किया, तो वे लोहरदगा का मार्ग पकड़ लिए थे। मजेदार बात यह हुई कि ग्राहम जिन सैनिकों को लेकर विद्रोहियों को दबाने निकला था, उन सैनिकों को जब इस विद्रोह की सूचना मिली तो उन लोगों ने भी जमादार माधो सिंह के नेतृत्व में तत्काल ग्राहम के खिलाफ ही विद्रोह कर दिया था। यह 1 अगस्त 1857 का दिन था ग्राहम कि निजी संपत्ति को लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया। आगे हजारीबाग न जाकर पुनः ये लोग तोपों के साथ रांची की ओर ही लौट गये थे। आगे चलकर इनका साथ दिया राजा टिकैत उमराव सिंह तथा इनके दीवान शेख भिखारी। 2 अगस्त को 2 तोपों के साथ 2:00 बजे दिन में माधव सिंह एवं उनके साथी सैनिक तोपों से गोले छोड़ते हुए अंग्रेजों में भय पैदा करते हुए रांची में प्रवेश किये। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को इन लोगों ने एक संदेश भेजा और उन्हें इस विद्रोह का नेतृत्व करने के लिए कहा, क्योंकि ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव भी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरू कर चुके थे, उनकी बातें मान ली और इसे तत्काल स्वीकार कर लिया। रामगढ़ बटालियन के 600 विद्रोहियों का दल उस वक्त रांची में था, फिर उनके साथ ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की सेना भी जुड़ गयी और एक वक्त ऐसा लगा कि 1770 में स्थापित अंग्रेजी शासन का मानो 1857 में अंत हो गया था। डोरंडा में सभी यूरोपियन के घरों में आग लगा दी गयी थी, फाइलें जला दी गयी एवं कुएं में डाल दिये गये थे और एक प्रकार से अंग्रेजों को यहां से भागने के लिए विवश कर दिया गया था। रांची का विद्रोह सफल बना कर अंग्रेजों को समूल नष्ट कर इन सैनिकों ने 11 सितंबर 1857 को शेरघाटी के लिए प्रस्थान किया। चतरा में मेजर इंग्लिश ने इन विद्रोहियों पर हमला कर दिया। यहां ये विद्रोही कमजोर पड़ गए और कुछ इनके विद्रोही पकड़े गये तो कुछ वहां से भागने में सफल रहे।

**शहादत के 165 वर्ष और आजादी की 75 वर्ष हो गये फिर भी आज तक अमर शहीद के परिवार की जब्त जमीन वापस नहीं की गयी है।**



ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव और पांडे गणपत राय भागकर लोहरदगा पहुंच गये, तो माधव सिंह के बारे में कोई पता नहीं चला। राजा विश्वनाथ शाहदेव पांडे गणपत राय लोहरदगा पहुंच कर फिर से अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह प्रारंभ कर दिया था। अंग्रेजों की परेशानी बढ़ने लगी थी और इन दोनों को पकड़ना उन लोगों ने अपना लक्ष्य बना लिया था। फिर कुछ अपने ही विश्वासघाती लोगों की मदद से अंग्रेज इनको पकड़ने में सफल हो जाते हैं।

16 अप्रैल 1858 को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को आज के शहीद चौक के कदम पेड़ पर फांसी पर लटका दिया जाता है उसी के 5 दिनों के बाद यानी कि 21 अप्रैल 1858 को पांडे गणपत राय को भी फांसी दे दी जाती है।

फांसी होने के बाद अंग्रेजी हुकूमत ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के 97 गांव को अपने कब्जे में कर लिया। उनके सतरंजी गढ़ एवं हटियागढ़ के किले को ध्वस्त कर दिया गया उनकी सारी चल अचल संपत्ति को जब्त कर ली गयी।

ठाकुर साहब की धर्मपत्नी ठकुरानी बाणेश्वरी कुंवर की गोद में उस समय एकमात्र पुत्र जो 1 वर्ष का था, ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव को लेकर रानी खोरहा जंगल (गुमला जिला) अपने विश्वस्त जनों के साथ भाग गयीं। रानी को पता था कि अंग्रेजी सरकार उन्हें एवं उनके पुत्र को मारने के लिए तत्पर हो गयी है। रानी (ठकुरानी) बाणेश्वरी कुंवर को खोरहा ग्राम में 12 वर्षों तक निर्वासित जीवन व्यतीत किया।

इधर अंग्रेज परेशान से हो गये, उन्हें पता चला कि रानी बाणेश्वरी कुंवर कहीं छिप गयी है, वे महल के मलवों में खोजने पर भी नहीं मिली। रानी के कुछ दासी चिरनागढ़ के समीप स्थित रानी चूआं में छलांग लगाकर चिर निद्रा में सो गयी।

इधर 12 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद ठकुरानी बाणेश्वरी कुंवर अपने पुत्र जो (हिंदू मिताक्षरी कानून के तहत वयस्क हो गया था) को आगे कर अंग्रेजों के समक्ष प्रकट हो गयी और अंग्रेजी सरकार से बड़कागढ़ ईस्टेट को वापस करने की मांग की परंतु अंग्रेजी सरकार ने बड़कागढ़ ईस्टेट का संचालन के लिए एक कमिटी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर इंडिया इन काउंसिल बना दी थी, यह कहते हुए कि जिन जागीरदारों एवं जमींदारों का कोई बारिश नहीं होगा, वैसे जमीनदारी सीधे काउंसिल के तहत हो जायेगी, परंतु ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का वारिस था, इसलिए अंग्रेजों ने कहा कि काउंसिल बड़कागढ़ ईस्टेट का केयरटेकर के रूप में कार्य करता रहेगा।

अंग्रेजों ने व्यवस्था दिया कि बड़कागढ़ ईस्टेट से जो लगान सेक्रेटरी ऑफ ईस्टेट फोर इंडिया इन काउंसिल उगाही करती है, उसी में से जीविकोपार्जन के लिए 30 रुपये प्रति माह ठाकुरानी बाणेश्वरी कुंवर को दिया जायेगा और मौजा जगन्नाथपुर में मिट्टी का मकान 500 रुपये की लागत से निर्माण करा दी गयी। 165 वर्ष प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हो गया, 1880 ईस्वी में रानी को 30 रुपये और जगन्नाथपुर में मिट्टी का मकान बनवा दिया गया था, इसी ठाकुर निवास बड़कागढ़ जगन्नाथपुर में इनके छठी पीढ़ी अपने परिवार जनों के साथ निवास करते हैं। अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जब्त की गयी जमीन आज तक उनके वंशजो को वापस नहीं की गयी है। आज अमर शहीद के वंशज अपने जीविकोपार्जन के लिए दर दर भटक रहें है। मिट्टी और एस्बेस्टस के घर दो कमरों में रहने को विवस है। अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी की 165वीं शहादत दिवस पर कोटि कोटि नमन।

**(लेखक : बड़कागढ़ रैयत जनमंच के महासचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में नयी शिक्षा नीति पर कार्यशाला

## छात्रों के बीच पीपीटी के माध्यम से संशोधित चार वर्षीय स्नातक प्रोग्राम पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में नयी शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में चार वर्षीय स्नातक प्रोग्राम विषयक एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल के द्वारा किया गया. इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के वित्त पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात कुमार पाणी शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन डॉक्टर प्रभात कुमार पाणी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यप्रिय महालिक एवं अन्य उपस्थित शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यप्रिय महालिक ने रिसोर्स पर्सन डॉक्टर प्रभात कुमार पाणी एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राचार्यों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए प्राचार्य ने विश्वास जताया कि शनिवार की कार्यशाला से संशोधित पाठ्यक्रम की पूरी जानकारी सभी को प्राप्त होगी और पाठ्यक्रम से संबंधित सभी के प्रश्नों के उत्तर मिल जायेंगे।

कॉमर्स के संकायाध्यक्ष डॉक्टर वीके मिश्रा ने रिसोर्स पर्सन का परिचय प्रस्तुत किया। उसके बाद डॉक्टर प्रभात कुमार पाणी ने पीपीटी के माध्यम से नई शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में संशोधित चारवर्षीय स्नातक प्रोग्राम की विशेषताओं, पाठ्यक्रम, क्रेडिट प्रणाली, परीक्षा के अंक विभाजन, प्रश्न-पत्र के प्रारूप इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नये संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार ही ली जायेगी तथा इसके लिए विद्यार्थियों का एबीसी आइडी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर के संशोधित पाठ्यक्रम कोल्हान विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यशाला में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अमर सिंह, एबीएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार पीयूष, बहरागोड़ा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर बाला कृष्णा बेहरा, सिंहभूम कॉलेज चांडिल के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सरोज कुमार कैबर्त, पटमदा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुमंत कुमार सेन, टीचर्स एसोसिएशन ऑफ कोल्हान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉक्टर राजेन्द्र भारती ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यशाला में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, जेकेएस कॉलेज मानगो, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज एवं अन्य महाविद्यालयों के शिक्षकगण शामिल हुए। कार्यशाला के समापन के पूर्व रिसोर्स पर्सन डॉक्टर प्रभात कुमार पाणी को कॉमर्स के संकायाध्यक्ष डॉक्टर वीके मिश्रा द्वारा मेमेंटों भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी सेल कॉर्डिनेटर प्रोफेसर कुमारी प्रियंका एवं हिंदी के सहायक प्राध्यापक प्रोफेसर हरेन्द्र पंडित ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर अशोक कुमार महापात्रा ने दिया।

# कदमा शास्त्रीनगर हिंसा मामले में जेल भेजे गये युवकों के परिजनों से मिला भाजमो प्रतिनिधिमंडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल पश्चिम के संयोजक मुकुल मिश्रा के नेतृत्व में पिछले दिनों कदमा शास्त्रीनगर हिंसा मामले में प्रशासन द्वारा व्हाट्सएप मैसेज के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजे गये धातकीडीह हरिजन बस्ती ठक्कर बाबा क्लब के तीन युवकों के परिजनों से मिला। व्हाट्सएप चैटिंग के नाम पर पुलिस ने सुब्रतो मुखी, ऋषभ मुखी और अंकित मुखी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बस्तीवासियों ने भाजमो नेताओं को बताया कि उन लोगों ने प्रशासन से काफी मिन्नतें की की वे तीनों कम उम्र के बच्चे हैं और भावेश में ऐसी गलती कर बैठे, कृपया इन्हें एक बार क्षमा कर दिया जाये। बस्तीवासियों ने उन तीनों युवकों की जिम्मेवारी लेने की बात कही और भविष्य में गलती नहीं दोहराने का वायदा किया। किंतु पुलिस बस्तीवासियों को यह स्पष्ट करते हुए उन्हें ले गई की थाना ले जाकर केवल पूछताछ कर छोड़ दिया जायेगा, लेकिन थाना से इन्हें नहीं छोड़ा गया।

संध्या में मुखी समाज के लोग, गिरफ्तार युवकों के परिजन और बस्तिवासियों ने वरीय पदाधिकारियों से मिल कर अपने बच्चों की रिहाई के लिए उनके पैर तक पकड़ लिये, लेकिन अंततः रात में उनकी पिटाई कर सुबह उन्हें जेल भेज दिया गया।

भाजमो नेता मुकुल मिश्रा ने बताया कि इस गिरफ्तारी से बस्तीवसी बहुत आहत हैं और प्रशासन के द्वारा धोखे में रख कर उन लड़कों को जिस प्रकार थाने ले जाकर बाद में छोड़ दिये जाने का तर्क देकर गिरफ्तार किया गया। इससे अब बस्ती वासियों का पुलिस के ऊपर से विश्वास उठ गया है। तीनों यवक काफी गरीब परिवार से आते हैं। तीन युवकों में एक ऋषभ मुखी के पिता नहीं है और उन तीनों की माताओं का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी गिरफ्तारी से परिजनों के ऊपर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। भाजमो नेताओं ने विधायक सरयू राय के समक्ष सभी तथ्यों को रखने और गिरफ्तार तीनों युवको को न्याय दिलाने में यथासंभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुकुल मिश्रा, अजय सिन्हा, भास्कर मुखी बिष्टुपुर मंडल के अध्यक्ष मनकेश्वर चौबे शामिल थे।

# दो साल के अंदर ही दरकने लगी चार करोड़ की सड़क

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 में सरिता सिनेमा से हरिओम नगर रोड नम्बर 5 तक प्रस्तावित करीब 4 करोड़ 9 लाख 59 हजार 880 रुपए की सड़क अभी अधूरा है।सड़क के बीच दरारें पड़ने लगी है। इकरारनामे के मुताबिक सड़क निर्माण कार्य नहीं होने की आवाज मुखर होने लगी है। बीते 25 अक्टूबर 2019 को सड़क का शिलान्यास कार्य की गयी थी। इकरारनामे के अनुसार उक्त सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और निर्माण कार्य होना था। आदर्श कंस्ट्रक्शन को यह काम मिला था। अनुमान लगाया जा रहा है कागज पर काम पूरा हो गया है, लेकिन कई जगहों पर घटिया निर्माण के सबूत साफ नजर आ रहे। पार्षद नीतू शर्मा ने बताया अभी निर्माण कार्य अधूरा है। जुडको द्वारा एनओसी नहीं मिलने से रोड नंबर तीन तक ही निर्माण कार्य हुआ है। घटिया निर्माण कार्य की शिकायतें मिली हैं, इसकी जांच करायी जायेगी। वहीं स्थानीय नागरिकों से पूछने पर जानकारी मिली की सड़क की सही गुणवत्ता के लिए हर दिन आवाज उठ रही थी, जिसके लिए पार्षद को भी कई जानकारी दी गई थी। लेकिन कार्य पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी थी। पार्षद नीतू शर्मा से पूछने पर जानकारी मिली की स्थानीय नागरिकों की बार-बार शिकायत मिलने से सड़क के लिए कई बार नगर निगम में इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन नगर निगम से कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। इसके कारण सड़क की स्थिति खराब होते जा रही। वहीं सड़क निर्माण कार्य के समय एक इंजीनियर की देखरेख में कार्य होती है, लेकिन इंजीनियर उस जगह पर मौजूद नहीं रहते थे।

# गालूडीह में पोइला बोइशाख पर बोंगो भाषी समिति ने निकाली प्रभातफेरी, बांटी मिठाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गालूडीह।** बंगाली समुदाय के नया वर्ष पोयला बैशाख के अवसर पर गालूडीह आंचलिक बोंगो भाषी समिति के तत्वावधान में बंगाली समुदाय द्वारा परंपरागत वेशभूषा में पहनकर बांग्ला नव वर्ष मनाया। नव वर्ष पर आंचलिक मैदान से प्रभात फेरी निकलकर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान बस स्टैंड स्तिथ तत्कालीन सांसद शहीद सुनील महतो एवं शहीद प्रभाकर महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। प्रभातफेरी में सैकड़ों महिला-पुरुष गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली, रैली अंडर पास होते हुए बनियापाड़ा, निमतल, गालुडीह मुख्य बाजार होते हुए धर्मशाला रोड से वापस सुभाष चौक पहुंची, जहां समिति के लोगों ने नेताजी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर जय बांग्ला जिंदाबाद, आंचालिक बोंगो भाषी समिति जिंदाबाद का नारा लगाते हुए बस स्टैंड पहुंचा।

बोंगो भाषी समिति की ओर से हजारों राहगीरों के बीच दही-मिठाई, चना-गुड़ एवं शीतल पेयजल का वितरण किया गया. शाम को आंचलिक दुर्गा मैदान में बंगला संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन डोमन गोप ने किया। मौके पर विद्यायक रामदास सोरेन, पार्षद सुभाष सिंह, पंसस शिला गोप, मोनी महतो, मानस दास, विकास भकत, मुखिया लाल मोहन सिंह, उपमुखिया कपिल देव शर्मा, तापस चैटर्जी, समिति अध्यक्ष पिंटू दत्ता, नीलिमा दत्ता, बबिता सेठ, मिताली दत्ता, सुजाता बेनर्जी, सुप्रिया दास, मम्पी दत्ता, संपा दत्ता, मोनीमाला गोप, कोनकी गोप, मोनी लाल कर, माहेश्वर दत्ता खा, डीडी लोहरा, राजाराम गोप, अशोक सरकार, मनोरंजन महतो, राहुल दत्ता, समीर मदीना, अशोक दत्ता, काला सरकार, सोमनाथ साधु, रविंद्र महतो, सचिन सरकार, परिमल दत्ता, अशोक सरकार, प्रसंजीत दत्ता खा, निमाई सरकार, बापी दत्ता उपस्थित थे।

**बैठक :** कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन की तैयारियों को लेकर किया विचार-विमर्श

# बिरसा कृषि महाविद्यालय गढ़वा में एग्री एंड फूड प्रोसेस कॉन्क्लेव 21 को

**उपायुक्त ने पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कृषि उपज के वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार लिंकेज के संबंध में एक बैठक आहूत की गई। बताते चलें कि पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2023 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से बिरसा कृषि महाविद्यालय गढ़वा में कृषकों के समग्र विकास को लेकर एग्री एंड फूड प्रोसेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त निर्धारित तिथि को आयोजित होने वाले कॉन्क्लेव में एफपीओ, नीति निर्माता, मीडियाकर्मी तथा कृषि शिक्षाविद भी भाग लेंगे। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही छोटे एवं लोकल उद्योगों के उन्नयन के बारे में बात की गई। आयोजित किए जाने वाले उक्त सम्मेलन की जानकारी एवं इसके विभिन्न फायदों के बारे में मंतोष सिंह, सीनियर रेजिडेंट डायरेक्टर पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बताया। उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर एवं मौके पर उपस्थित जिला उद्योग अधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिला कृषि पदाधिकारी तथा अन्य ने किए जा रहे उक्त प्रयासों की सराहना की। सीनियर रेजिडेंट डायरेक्टर पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स, श्री सिंह द्वारा उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर को आयोजित होने वाले उक्त सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया है। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को आयोजित किये जाने वाले उक्त कॉन्क्लेव में भाग लेने तथा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास में योगदान देने का निर्देश दिया गया। उक्त मौके पर डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार एवं एलडीएम आईबी लाल भी उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने की विशेष केंद्रीय सहायता मद के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला योजना अनाबद्ध निधि एवं वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) के तहत विभिन्न योजनाओं के चयन व अनुमोदन हेतु प्रस्ताव एवं सुझाव हेतु कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई, जिसमें पूर्व से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई एवं नयी योजनाओं हेतु प्रस्ताव मांगे गये। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अभियान एसपी, गढ़वा विवेकानंद सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, विद्युत विभाग, आरईओ, पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## चिकित्सा कर्मियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकाली जागरूकता रैली




मेराल (आजाद सिपाही)। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मियों द्वारा शनिवार को जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रखंड लेखा प्रबंधक दीपेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में अस्पताल परिसर से निकाली गयी रैली प्रखंड कार्यालय गेट से पुनः अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान लोगों को अपने आसपास के वातावरण को पूरी तरह स्वच्छ रखने के प्रति संकल्प दिलाया गया। अस्पताल के मरीजों को बताया गया कि कूड़े को कूड़ेदान में डालें ताकि अस्पताल में गंदगी न फैले। गंदगी से विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। इसी तरह अपने घर तथा गली मोहल्ले को भी साफ-सुथरा रखें तथा कूड़े-कचरे को कूड़ेदान में ही डालें। रैली में मंटू कुमार, निलेश कुमार, मोहम्मद कबीर, राकेश कुमार, सुषमा पाल, प्रभा देवी, सनराइज इंडिया से अंकित मिश्रा सहित कई लोग शामिल थे।

## कार दुर्घटना में दो बच्चे सहित पांच लोग घायल

मझिआंव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-कांडी मुख्य पथ पर नगर पंचायत क्षेत्र के गढ़ौटा में राम मणि मेहता के घर के समीप तिखी मोड़ पर जेएच14बी- 0151 अल्टो कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में दो बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गए। जिसमें अमवा निवासी यूएस मिश्रा के पुत्र मणि भूषण मिश्रा (37), पत्नी गीता देवी (35), पुत्र आकाश मिश्रा (8), रिश्तेदार गायत्री मिश्रा के साथ एक डेढ़ वर्षीय बच्ची घायल हो गई है। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया और कार सीधी की गई। इसके बाद 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपस्थित डॉ वीर प्रताप सिंह एवं सहयोगियों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मणि भूषण मिश्रा अपने परिवार के साथ डाल्टनगंज से गढ़वा पहुंचे और उसके बाद अपने रिश्तेदार गायत्री मिश्रा को लेकर अपने ससुराल थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर जा रहे थे उसी दौरान गढ़ौटा में कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वहीं रेफरल अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर चोट लगने के कारण गीता देवी एवं आकाश मिश्रा को बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं गायत्री मिश्रा एवं डेढ़ वर्षीय बच्ची को मामूली चोट आयी है।

## कांग्रेसी नेताओं ने किया गढ़वा जिला कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी, प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी, प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी, राम करेश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय खुल जाने से अब लगातार यहां से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कांग्रेसी कार्यकर्ता व आम जन अपनी समस्या लेकर कार्यालय में बेहिचक आकार अपनी समस्या रखें उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, जय प्रकाश सिंह, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, जिला सचिव दिवाकर चौबे, खालिद अशरफ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रास्ते की भूमि पर नींव खोदने के विरोध में सीओ से मिले ग्रामीण



**आवेदन सौंपकर सीओ से उक्त जमीन की मापी कराकर रास्ता देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर ढेकुलिया के दर्जनों लोगों ने अंचल कार्यालय पहुंच वन विभाग की चेकनाका के पास की जमीन मालिक पर रास्ते की भूमि पर भी नींव खोदने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सीओ को दिये आवेदन में बताया गया है कि उक्त पथ ढेकुलिया के सैकड़ों घरों के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं श्मसान घाट को मुख्य पथ से जोड़ता है, जिसे एक व्यक्ति द्वारा बाधित किया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने सीओ से उक्त जमीन की मापी कराकर रास्ते की मांग की है। ग्रामीणों ने धमकी दी कि यदि उक्त मामले को निष्पादित नहीं किया जाता है तो हम सभी चेकनाका के समीप धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को ही न्यायालय के आदेश पर प्रशासन की मौजूदगी में बीते 50 वर्षों से रह रही विधवा बुजुर्ग महिला का घर जमींदोज करते हुए उमा कमलापुरी एवं रविशंकर कमलापुरी को जमीन पर कब्जा कर दिलाया गया था। तदोपरान्त भूस्वामी द्वारा घेराबंदी किये जाने के क्रम में तथाकथित रास्ते की जमीन पर भी नींव खोदने के क्रम में विवाद उपजा एवं दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। मौके पर बीडीसी चन्दन ठाकुर, सुशील चौबे, कृष्णा सिंह, वेदप्रकाश आर्य, राकेश रवि, राजू गुप्ता सहित काफी संख्या में ढेकुलिया टोला के महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# महादुगोला कार्यक्रम में दोनों टीमें रहीं बराबरी पर

**झारखंड बनाम उत्तर प्रदेश महादुगोला में रात भर झूमे श्रोता**

**सूर्य मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




केतार। प्रखंड क्षेत्र के नारायण वन में 14 अप्रैल की रात्रि प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर मीडिया ग्रुप की ओर से दुगोला महा मुकाबला का आयोजन किया गया। इसके पूर्व स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में धूम-धाम से भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात रात्रि में उत्तर प्रदेश बनाम झारखंड के बीच दुगोला के महा मुकाबला का बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि एवं खरौंधी बीडीओ गणेश महतो ने उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मीडिया ग्रुप के द्वारा स्वतंत्र सेनानी के परिजन रामाटन साह, वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक, समाजसेवी राम विचार साहू, मुकुंदपुर गांव के ही नव चयनित डॉक्टर गोकुल कुमार, प्रखंड के पुराने व्यास धनेश्वर राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया गया। तत्पश्चात मंदिर कमेटी की ओर से मीडिया ग्रुप के लोगों को 21 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

दुगोला कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की ओर से निर्मला यादव एवं झारखंड की ओर से दयानंद तिवारी की टीम के बीच एक से बढ़कर एक गीत, संगीत और नृत्य का महा मुकाबला हुआ। जिसने नारायण वन में हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। दोनों कलाकारों की उम्दा प्रदर्शन के कारण निर्णायक मंडली भी निर्णय देने में असमंजस में पड़ गई। दोनों टीमों को समान अंक होने के कारण निर्णायक मंडली के सेवानिवृत्त शिक्षक राम अवतार राम एवं अजय वर्मा के द्वारा दोनों टीमों को बराबरी का दर्जा देते हुए सूर्यनारायण मंदिर की तस्वीर भेंट की गई। इसके बाद मंदिर कमेटी की ओर से प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों, पत्रकारों एवं दोनों टीमों के सभी कलाकारों को सूर्य नारायण वन की तस्वीर भेंट की गयी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीडिया ग्रुप के विकास सिंह, संदीप कुमार, गोकुल कुमार, सूरज वर्मा, बिट्टू सिंह, ज्वाला कमलापुरी, रविकांत चंद्रवंशी, इम्तियाज आलम, अंगद कुमार, पुरुषोत्तम प्रसाद के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, भवनाथपुर बीडिओ जयपाल महतो, खरौंधी बीडिओ गणेश महतो, मझिआंव बीडिओ नितेश भास्कर, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संरक्षक अजय वर्मा, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख शंभू सिंह, धीरज सिंह, राजू सिंह, कामेश्वर सिंह, सीताराम जयसवाल, गुड्डन पासवान, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, दीपक वर्मा, प्रमोद कुमार,अशोक पासवान, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा की ओर से 12 टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा की ओर से 12 टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को लगातार चौथे महीने आज पोषाहार उपलब्ध कराया गया। यक्ष्मा रोग जिला प्रभारी डॉ कमलेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि रेडक्रॉस गढ़वा की ओर से जो पुनीत कार्य किया जा रहा है इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों एवं संस्थाओं से अपील की कि लोग आगे आयें ताकि यक्ष्मा पीड़ित लोगों को पोषाहार देने का पुनीत कार्य कर समाज को यक्ष्मा मुक्त बनाया जा सके। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉक्टर जेपी सिंह, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता एवं रेड क्रॉस के कार्यसमिति सदस्य मनोज केसरी रूपा गंजी, अवधेश कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश केसरी, डॉ पातंजलि केशरी एवं संतोष मेहता (पीयूष मेडिकल) का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपरोक्त के साथ डॉ पुरुषेश्वर मिश्र, वीरेन्द्र प्रसाद, रौशन कुमार एवं नुरुल्ला अंसारी भी उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में पेड़ से गिरने से सेवानिवृत्त सेलकर्मी की इलाज के दौरान मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। चपरी निवासी सेवानिवृत्त सेलकर्मी रामरजन साह भवनाथपुर स्थित अपने मकान की छत पर चढ़कर पेड़ की डाली काटने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से हुए घायल हो गये, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। छत से गिरने पर रामरजन की पत्नी की चीख पुकार सुन आसपास के लोग उन्हें इलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाये। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक कमल सैनी ने रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि रामरजन साह शनिवार की सुबह केतार रोड में पोखरा के पास अपने नवनिर्मित मकान की छत पर चढ़कर पेड़ की डाली को काट रहे थे कि अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# जायंट्स क्लब गढ़वा का निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आज

**दो से 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों की निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है : डॉ विकास**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जायंट्स क्लब गढ़वा एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, गुरुग्राम के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किये जाने वाले मासिक हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन रविवार 16 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से प्रशिक्षित वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ हृदय रोगियों के लिए उपलब्ध है एवं हृदय के जन्मजात रोगों से ग्रसित रोगी, हार्ट में छेद, हार्ट वाल्व की खराबी, हार्ट की नसों में रूकावट, हार्ट के ट्यूमर एवं हार्ट से संबंधित किसी भी बिमारी से ग्रसित रोगी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए परामर्श ले सकते हैं। छोटे चीरे से हार्ट का ऑपरेशन करने में विशेष दक्षता प्राप्त डॉ विकास केशरी इस से संबंधित परामर्श भी प्रदान करेंगे। जायंट्स ग्रुप के सदस्यों ने आम जनता से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रार्थना की। डॉ विकास ने बताया कि उनके अस्पताल में दो वर्ष से 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों की निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है एवं आर्थिक रूप से पिछड़े अन्य व्यस्क रोगियों की यथासंभव आर्थिक सहायता का आश्वाशन भी दिया।

**कार्यक्रम :** आंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश, कहा

# बाबा साहब ने अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए दिया है वोट का अधिकार

**डॉ अंबेडकर के बनाये संविधान से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक हमारा देश भारत चल रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



रंका। अंबेडकर युवा क्लब रंका कंचनपुर के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अंबेडकर युवा क्लब के लोगों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बाबा साहब का फोटो युक्त मोमेंटो एवं गुलदस्ता देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हम सब को अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए एक अचूक हथियार दिया है और वह है वोट का अधिकार। वोट के दम पर हम एक लोकतांत्रिक समतामूलक सरकार बना सकते हैं और संविधान विरोधियों को सबक सिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक हमारा देश भारत चल रहा है। किंतु कुछ लोगों से संविधान को खतरा है। जिसे हम लोगों को सतर्क रहते हुए उन्हें समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब देना होगा। हमें बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा बताए मार्ग पर चलना होगा। इस अवसर पर गायिका सोनी बौद्ध के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, रंका बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंका बीडीओ देवानंद राम, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के आफताब आलम, वरिष्ठ नेता जैनुल्लाह अंसारी, जिला परिषद प्रतिनिधि देवेंद्र नाथ तिवारी, राहुल तिवारी, वन एवं पर्यावरण विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, दुधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, सचिव मधुसूदन राम, उप सचिव राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, शिक्षक कुलदीप ठाकुर, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन पत्रकार शिव कुमार रवि ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि, संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि, शिव कुमार रवि, नंद कुमार, स्वयंसेवक नंदू राम, अनुप कुमार, राकेश कुमार, उज्जवल कुमार रवि, दीपक भीम, रवि रंजन कुमार, सुधीर कुमार, अमित कुमार, हीरा लाल, कमलेश कुमार रवि आदि युवाओं ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# प्रयागराज के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन शुरू

**सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के टभाडीह सरना मंदिर प्रांगण में किया जा रहा 10 दिवसीय रामलीला मंचन कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के टभाडीह सरना मंदिर प्रांगण में देर शाम से 10 दिवसीय रामलीला मंचन की शुरुआत की गई। रामलीला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आए हुए विप्र मंडली के द्वारा किया जा रहा है। पहले दिन की शुरुआत पंचायत के उप मुखिया अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया हीराराम, विहिप के सत्संग प्रमुख प्रकाश दास एवं गांव के लोगों के द्वारा विधिवत रूप से राम दरबार की आरती उतारते हुए नारियल फोड़कर की गई। उत्तर प्रदेश से आए हुए कलाकारों के द्वारा पहला दिन राजा दशरथ से विश्वामित्र ऋषि के द्वारा अपने राम और लक्ष्मण को मांग कर ऋषि मुनियों के यज्ञ को सुरक्षित रखने का जीवंत रूप दिखाया गया। इधर कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति भजन की की गई जहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया इधर रामलीला देखने के लिए तामड़ा, टभाडीह, चीकसुरा, कामतरा, कुम्हारटोली, कुम्बाटोली सहित आसपास के कई गांव के लोग पहुंचे जहां पर काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बताया गया कि 10 दिनों तक यहां पर रामलीला मंचन का आयोजन होगा। जिसके बाद समापन किया जाएगा। सरना मंदिर की समिति ने लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक लोग आकर उक्त रामलीला का आनंद लें। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से वीरेंद्र यादव, मुन्ना केसरी, कृष्णा केसरी, रोहित राय, पुनीत राय, दीनानाथ केसरी, संदीप केसरी, मनोज साहू सहित काफी संख्या में युवाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## लोहरदगा में एथलेटिक्स/कुश्ती हॉस्टल का निर्माण होगा शीघ्र, मिला निर्देश

# आवासीय विद्यालय में रिक्त शिक्षकों के पदों को भरने का मिला निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), म्युटेशन, प्रमाण-पत्र, भूअर्जन, कोविड-19 टीकाकरण, एससीए अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आवासीय विद्यालयों में नियुक्तियाँ, जिला प्रशासन और आईएचएम, रांची एवं झारखण्ड टूल रूम के साथ एमओयू अंतर्गत कोर्स कर रहे युवक-युवतियों के नियोजन की स्थिति, पेयजल अंतर्गत जल जीवन मिशन की कार्य प्रगति समेत अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों का मजदूरी एक सप्ताह के अंदर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वीर-शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए पेमेंट भुगतान पूर्ण करने का निदेश दिया गया। मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत विभिन्न विभागों को मिले लक्ष्य व उसके विरूद्ध पूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पेमेंट का फर्स्ट इंस्टॉलमेंट और सेकेंड इंस्टॉलमेंट के बीच अंतर और आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को भुगतान का कार्य किये जाने का निदेश दिया गया। जमीन के म्यूटेशन (30 दिन से अधिक व 90 दिन से कम) संबंधित मामले की समीक्षा की गई व निष्पादन के निर्देश दिये गये। जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र के आवेदनों को पांच दिन के अंदर पूर्ण रूप से निष्पादित किये जाने के निदेश दिये गये। भू-अर्जन अंतर्गत बाईपास रोड हेतु भूमि अधिग्रहण कार्य की समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा को आयुष्मान भारत कोष से जिला के सदर अस्पताल परिसर अवस्थित पीएसए प्लांट हैण्डलिंग के लिए ऑपरेटर नियुक्त किये जाने का निर्देश दिया गया। एससीए अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के मरम्मति के संबंध में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों से एक सप्ताह के अंदर सत्यापन करा लिये जाने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को मतदाता सूची के आधार पर पेंशनधारियों की सूची से संबंधित सैचुरेशन सर्टिफिकेट छूटे हुए प्रखण्ड किस्को व सदर एव सदर अंचल से प्राप्त कर लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जिस प्रखण्ड में पेंशनधारकों की संख्या वास्तविक योग्य जनसंख्या से अधिक है उस संबंध में अभियान चलाकर सूची का सत्यापन किये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय में विषयानुसार रिक्त शिक्षकों के पदों को भरे जाने के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, आईएचएम, रांची में भी कोर्स कर रहे जिला के युवाओं से प्रत्येक माह मुलाकात किये जाने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा को सनई हपात में तीन पथ पुलों के निर्माण कार्य हेतु दिये गये निदेश का पालन करने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत जिला में प्रत्येक प्रखण्ड में 100-100 एकड़ की भूमि में सूक्ष्म टपक सिंचाई की योजना लिये जाने हेतु लाभुकों का चयन किये जाने का निदेश दिया गया ताकि लक्ष्य प्राप्त होने के तुरंत बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। सूची को अपर समाहर्ता, लोहरदगा के पास उपलब्ध करायें। बैठक में आपूर्ति विभाग अंतर्गत खाद्यान्न आवंटन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत लाभुकों का चयन, पशु टीकाकरण की स्थिति, सहकारिता विभाग अंतर्गत दोना-पत्तल योजना के लिए विद्युत कनेक्शन की स्थिति, नवोदय विद्यालय, पीएचईडी, अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजलापूर्ति हेतु वाटर कनेक्शन की स्थिति की समीक्षा की गयी। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को 15वां वित्त की राशि का उपयोग आय सृजन योजनाओं में किये जाने का निदेश दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी को जिला में एक एथलेटिक्स/कुश्ती हॉस्टल का निर्माण कराने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। पर्यटन स्थलों में सफाईकर्मी व वॉचमैन रखे जाने का निदेश दिया गया। नंदिनी डैम में बोटिंग हेतु संबंधित विभाग से एनओसी प्राप्त करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल को दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना जिला समन्वयक, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सभी प्रखण्ड समन्वयक पीएमएवाई समेत अन्य उपस्थित थे।

## दूसरे दिन भी महुआडांड़ में दिखा बंदी का असर



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। माओवादियों के द्वारा 14 और 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया गया था। यह बंद का आह्वान चतरा लोहरदगा गुमला लातेहार जिला में किया गया था। जिसे लेकर महुआडांड़ में बंद का काफी असर देखने को मिला। चौक चौराहा एवं बस पड़ाव मैं पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं दुकान और प्रतिष्ठान सुबह से ही लोगों के द्वारा बंद रखा गया था। बसों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। इक्का-दुक्का ऑटो वाहन चलते हुए नजर आए। वहीं दूसरी पहर दुकानदारों के द्वारा कुछ दुकाने खोली गयी। बंद को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि अभी रमजान का दिन है जिसके लिए लोगों को रोजमर्रा की चीजों की जरूरत होती है। बंद को लेकर सामग्री नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## भाजपा का 27 प्रतिशत आरक्षण मांग को लेकर ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक संपन्न



बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण मांग को लेकर शनिवार को ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में कार्य समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम दिनदयाल उपाधयाय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समीप द्वीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रखंड प्रभारी तपेश्वरी देवी, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित भाजपाईयों को संबोधित करते हुए ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनन्दन प्रसाद ने कहा कि लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण में झारखंड सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया है। पर झारखंड सरकार ने ओबीसी आरक्षण लातेहार के लिए जीरो कर दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण लातेहार में झारखंड सरकार अगर ओबीसी को आरक्षण नहीं देते हैं तो बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा एवं हर बूथ हर गांव में जाकर ओबीसी को जगाने का काम करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश यादव, जितेंद्र कुमार सहित मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 29 अप्रैल को होगा राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता की अगुवाई में शुक्रवार को सांगठनिक पहलुओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गयी। प्रदेश नेतृत्व से सहमति मिलने के बाद 29 अप्रैल 2023 को राजद जिला समिति द्वारा भव्य और विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शहर के गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि, राजद संगठन के लिए यह कार्यकर्ता सम्मेलन महत्वपूर्ण और कारगर साबित होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के काबीना मंत्री सत्यानंद भोक्ता और राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव भागीदारी निभाएंगे। दोनों अतिथियों द्वारा स्थानीय राजद संगठन के नेता कार्यकर्ता और समर्थकों को मार्गदर्शन देकर दिशा निर्देश दिया जायेगा। संगठन को धारदार और मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। कहा कि, कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखंडवार राजद नेताओं को प्रभारी बनाकर उन्हें दायित्व दिया गया है। बड़ी संख्या में लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों से राजद कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित होकर भागीदारी निभाएंगे। बैठक में राजद के वरीय नेता हीरालाल गुप्ता, कयूम खान, दशरथ साहू, श्रवण तिर्की, अंजू देवी समेत अन्य उपस्थित थे

## भंडरा अंचल कार्यालय का ऑपरेटर निकला कोरोना पॉजिटिव , मचा हड़कंप

भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में काफी समय के बाद कोरोना ने दस्तक दी है । शनिवार को अंचल कार्यालय मे नए मरीज मिलने के बाद कार्यालय सहित क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। दूसरी ओर आंचल कार्यालय के ऑपरेटर के कोरोना संक्रमित होने के बाद उसके संपर्क में आने वाले अन्य कई लोगों को भी कोरोना संक्रमण की संभावना बढ़ गई है। कोरोना का एक नए मरीज मिलने की खबर फैलते ही कार्यालय के कर्मियों मे भय का माहौल है और अधिकांश कर्मी समय से पहले घर निकल गये।

**ऑफिस में ड्यूटी कर रहा ऑपरेटर पॉजिटिव**

भंडरा अंचल कार्यालय में पदस्थ एक ऑपरेटर की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आयी। बताया जा रहा है पॉजीटिव आने के पूर्व तक ऑपरेटर कार्य कर रहा था और लगातार वह लोगों के संपर्क में था। दोपहर तीन बजे तक यह खबर पूरे कार्यालय में फैल गयी। सभी कर्मियों मे भय से जल्द घर की ओर निकल गये ।

## जन सेवक बन कर पीएम आवास के लाभुक से ठगी

भंडारा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडारा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत के सेंगराटोली गांव निवासी ललिता उरांव पति पाचो उरांव से दो व्यक्ति जन सेवक बनकर आवास निर्माण की राशि से 19900रूपये की ठगी कर लिए । ठग अपने साथ पोस मशीन लेकर गए थे । भुक्तभोगी महिला ललिता ने बताया कि दोनों व्यक्ति मेरे घर आकर बोले की आवास निर्माण का लाभुक का का सत्यापन करने हेतु पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली हम लोगों को भेजा है। लाभुक के सत्यापन के लिए ई पोस मशीन में दो बार अंगूठा लगवा लिया। एक बार 10 हजार एवं दूसरे बार 9900 रुपए की ठगी कर लिए। ठागो द्वारा राशि की ठगी करने के बाद ललिता के पति पचो उरांव के मोबाइल में दो बार पैसा काटने का मैसेज आया ।तब महिला का पति द्वारा इसकी जांच की गई । तो पता चला कि दो ठग ललिता के पास आए थे । और ई पोस मशीन में उससे अंगूठे दो बार लिए थे। इस मामले पर पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की इस तरह की घटना की सूचना मिली है। लेकिन लाभुक जागरूकता के अभाव में अपना अंगूठा ई पोस मशीन में लगा दी। जिसके कारण लागू कर पैसा निकाल लिए। जागरूकता के कमी के कारण इस तरह कर ठगी करने में सफल हो जाते हैं।

## आंबेडकर जयंती के नाम पर राजनीति करने का लगाया आरोप,ग्रामीणों ने मामले में उपायुक्त से लगायी गुहार

लातेहार (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत टमटमटोला ग्राम के ग्रामीणों ने अंबेडकर जयंती के नाम पर राजनीति करने का आरोप बालूमाथ के राजद नेता सुरेश राम पर लगाया है ।इस संबंध में ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि राजद नेता सुरेश राम इनको आने वाले विधानसभा चुनाव में चुनाव लड़ना है। अपना वोट बैंक बनाने को लेकर वह 14 अप्रैल को मनाए जाने वाले अंबेडकर जयंती को 16 अप्रैल को बेसिक स्कूल में मनाने का निर्णय लिया है। जबकि उक्त स्थान पर पूर्व से ही रामनवमी पूजा समिति द्वारा अखाड़ा लगाया जाता है । इस कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के हेमपुर के शिक्षक कोलेश्वर राम द्वारा प्रत्येक स्कूल से 500 से लेकर 2100 रुपये तक लगभग पांच लाख रूपये चंदा भी कर लिया गया है। चंदे की राशि का राजनीतिक लाभ लेने के लिए इसे खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जो जांच का विषय है। जिससे उन्माद फैलने की संभावना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि स्टेचू निर्माण में विरोध होने पर सुरेश राम को चुनाव में वोट बैंक की बढ़ोतरी होगी । ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मामले की जांच करते हुए उचित कार्यवाही कर की मांग की है। वहीं आवेदन की प्रतिलिपि लातेहार एसपी, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष, बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी बालूमाथ, सर्किल इंस्पेक्टर बालूमाथ थाना प्रभारी बालूमाथ को भी सौंपी है ।

## मोमिनो, वंचितों के मसीहा थे आसिम बिहारी: मुमताज

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी का जन्म बिहार शरीफ में 15 अप्रैल 1890 को हुआ था आज उनके यौमे पैदाइश के मौके पर लोहरदगा मोमिन कॉन्फ्रेंस मोमिन भवन में उन्हें हाजी सिकंदर जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब सहादात हुसैन के मार्गदर्शन में आंजहानी आसिम बिहारी को याद करते यौमे पैदाइश मनाया गया और उनके चित्र पर गुलपोशी की गयी। मौके पर जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता मुमताज अहमद ने उनके जीवन पर रौशनी डालते हुए कहा की मौलाना आसिम बिहारी बचपन से ही काफी जहीन प्रवृत्ति के छात्र थे उन्होंने अपने आसपास गरीबी, बेरोजगारी, जातिवाद, अंग्रेजों का सितम को भांप लिए वे कुछ बड़े हुए तो कलकता का रुख किए और उन्होंने मोमिनों, दलितों के आवाज बन कर उभरे इसी कड़ी में देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने मौलाना आजाद, गांधी जी, नेहरू जी के संपर्क में आये और देश की आजादी, गरीबों पिछड़ों मोमिनों के हक हुकूक की लड़ाई में अहम भूमिका निभायी। मौके पर शहादत हुसैन,सवारत हुसैन ,मो इजहार,महबूब आलम, कारी अलीमुद्दीन,मो शमशाद आदि उपस्थित थे।

## कैरो में सत्याग्रह अभियान के तहत नुक्कड़सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत कैरो प्रखंड के कैरो नयाटोली एवं एड़ादोन बाजार टांड़ में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के माध्यम से आम लोगों को जागरूक एवं अवगत कराया गया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज को हमेशा से बुलंद करते रहे हैं और केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों का हमेशा से विरोध करते रहे हैं आज देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो चुकी है महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी से देश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में हो गया है इस पर मोदी को कोई चिंता नहीं है मोदी जी देश के चंद पूंजीपति मित्रों को गलत तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं उन्हें देश की आम जनता और गरीबों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है विगत दिनों संसद के अंदर हमारे आदरणीय नेता राहुल गांधी जी ने मोदी से सवाल खड़ा किया था कि गौतम अडानी की सेल कंपनियों में बीस हजार करोड़ रुपैया किसका है और आपका अदानी से क्या रिश्ता है इसी बात को लेकर संसद की संयुक्त जांच समिति से जांच कराने की मांग पर पूरा विपक्ष एकजुट हुआ नतीजा आनन-फानन में अपने भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने के लिए मोदी राहुल गांधी जी के संसद सदस्यता को समाप्त करने की साजिश रची। संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है और भ्रष्टाचारी मित्रों को लाखों करोड़ रुपैया का मदद पहुंचाया जा रहा है इस देश के आम जनता का पैसा लूटकर नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी विजय माल्या जैसे लोग विदेशों में ऐश कर रहे हैं और तथाकथित चौकीदार मोदी जी सभी भगोड़ों को संरक्षण दे रहे हैं यह हकीकत में भ्रष्ट पूंजीपतियों का चौकीदार है। आज के कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान, उपाध्यक्ष नईम अंसारी, विजय कुमार एक्का, महासचिव मोजाहिर अंसारी, प्रखंड यूथ अध्यक्ष तिला उरांव, लच्छू उरांव,राहुल पांडे,हफेजुल खान, नेसार खान समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पेशरार में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का हुआ आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पेशरार प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए प्रखण्ड के पेशरार बाजार टांड़ में प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार की अगुवाई में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पेशरार प्रखंड प्रभारी दीपक महतो, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह खेरवार शामिल हुए और नुक्कड़ सभा के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करते हुए दीपक कुमार महतो ने कहा देश में मंहगाई, बेरोजगारी, अडानी, निरव मोदी, जैसे व्यापारी देश का पैसा लेकर भागे है गरीबों का पैसा डुबाया है मननीय नेता राहुलगांधी सदन मे सवाल पुछते है,स्रूसे जांच की मांग की इससे डर कर केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है । मौके पर शुशील उरांव, मुखिया भागवत खैरवार, पंचायत अध्यक्ष हेसाग नागेंद्र खैरवार,रेरद बासु भगत, पेशरार कुलेसरा तुरी ,बिनय महरुम टाना भगत,राजेश टाना भगत, भादू ताना भगत, जमील अंसारी शिव उरांव लालमोहन खैरवार, रिंकू खैरवार, विश्वेश्वर सिंह, रामदयाल खरवार, यासीन अंसारीके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जन समस्याओं के निपटारे के प्रति आजसू संवेदनशील: नीरू शांति

# कुडू के सुंदरू पंचायत में दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के सुन्दरू पंचायत के आदिवासी और मुस्लिम बस्ती में विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया 25 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन शनिवार को आजसू के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व आजसू विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने समर्थकों के साथ गर्मजोशी से किया। उल्लेखनीय है कि, लगभग दो माह से सुंदरू पंचायत के दो आबादी वाले बस्ती के ग्रामीण अंधेरे में थे। ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग से कई बार फरियाद लगाया।

ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए नीरू शांति भगत ने तत्काल पहल किया। विद्युत विभाग से संपर्क कर विद्युत ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराया। इधर, सुंदरू पंचायत के आदिवासी और मुस्लिम बस्ती में ट्रांसफार्मर लग जाने से विद्युत व्यवस्था बहाल हो गयी। इस मौके पर आजसू लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि, ग्रामीणों के जनहित की समस्या का प्राथमिकता पर निपटारा कराया जाएगा। कहा उनके पति स्व कमल किशोर भगत जन समस्याओं के निपटारे के लिए हमेशा संवेदनशील रहते थे।

इस मौके पर आजसू कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष रमेश बैठा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता साहू, हेमंती देवी समेत बड़ी संख्या में आजसू समर्थक ग्रामीण मौजूद थे।

## आठ ग्रामीण बिजली चोरी करते पकड़ाये

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुंदो गांव में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने छापामारी कर 8 ग्रामीणों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और आरोपियों के विरुद्ध भंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। आरोपी में कुंदो निवासी बैकुण्ड बैठा पिता स्व बिशून बैठा, धीरज बैठा पिता स्व शीतल बैठा, प्रमोद लोहरा पिता फगुआ लोहरा, जगरनाथ लोहरा पिता बोधन लोहरा, दुर्गा उराँव पिता बालकु उराँव, सेना उराँव पिता स्व सुकरा उराँव, दिलीप उराँव स्व मंगरा उराँव एवं दिलीप खाखा पिता सुनील जेवियर खाखा शामिल हैं। अभियान में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शिव शंकर उराँव कनीय अभियंता मनरेगा भंडरा, कौशल किशोर राम कनीय सारणी पुरूष शाखा कुडू , राजीव रंजन शाखा कुडू के आलावे भंडरा थाना सामिल थे।

## पटना में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का चुनाव, झारखंड से 115 सदस्य लेंगे भाग

# श्रवण गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार:शिवकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** लातेहार से कुल 115 आजीवन सदस्य 16 अप्रैल को बिहार की राजधानी पटना में होने वाले अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के चुनाव में भाग लेने जाएंगे । इसमें लातेहार प्रॉपर से 58 शामिल है। आज लातेहार जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जितने भी आजीवन सदस्य लातेहार जिले में बने हैं सबों को नियत समय पर पटना पहुँच कर मतदान करना है और अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के चुनाव में योग्य एवं कर्मठ व्यक्तियों का चयन करना है इस सिलसिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है । वहीं शिव कांत गुप्ता झारखंड प्रदेश ने कहा है कि आप सभी आजीवन सदस्यो से विनम्र आग्रह है आपका एक वोट हमारे समाज महासभा को एक नया मुकाम, एक नया रूप देगा जिस पर हम सभी को गर्व है नाज है। और चुने उसे जिसके अंदर सिर्फ कथनी नही करनी हो समाज के विकास के लिए एक जज्बा हो इसी कड़ी मे हमारे अग्रज सबो के दिल मे बसने वाले रौनियार समाज के लाल और झारखण्ड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के अध्यक्ष आदरणीय माननीय श्रवण गुप्ता महासभा के सेवा के लिए एक सेवक के रूप मे राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए खड़े है आप सभी के प्यार ,आशिर्वाद के साथ साथ, अपना अमूल्य वोट जरूर दे क्योंकि मैंने नजदीक से इन्हे देखा हूं जो जग जाहीर है दिल मे एक सपना है अभिलासा है एक भुख है, समाज को आगे ले जाने का जिसका जिता जागता उदाहरण हमारा झारखंड प्रदेश रौनियार समाज है ये सचमुच श्रवण कुमार है आपका एक वोट किमती है और यह बेकार न जाये ।

**चुनाव 16 अप्रैल को लाइब्रेरी पब्लिक स्कूल गर्दनीबाग में**

राष्ट्रीय चुनाव संयोजक राजीव रंजन गुप्ता उर्फ ,राजु गुप्ता एवं पटना जिला डी एम (प्रशासन)के नेतृत्व मे यह यह चुनाव संपन्न हो रही है इसके लिए पुरे भारतवर्ष रौनियार समाज ने धन्यवाद किया है। मौके पर लातेहार जिला जेपीआरबीएम के जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता जिला महासचिव अनूप कुमार जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।

## सतबरवा पुलिस ने पशु लदी दो पिकअप वैन को मनिका थाना क्षेत्र से पकड़ा



मनिका (आजाद सिपाही)। लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के एजामाड़ एवं नामुदाग गांव से 2 पशु लदे वाहन को सतबरवा पुलिस ने पीछा करते हुए मनिका थाना क्षेत्र से पकड़कर ले गयी। दोनों गाड़ी में चार चार पशु लोड थे। सतबरवा थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पशु लदे वाहन सतबरवा थाना के सरकारी वाहन में धक्का मारते हुए भाग रही थी। ज्ञात हो कि आये दिन पशु तस्कर का मनोबल बढ़ा हुआ है, पिछले कुछ दिन रांची में महिला दरोगा को पशु तस्कर ने गाड़ी से रौंद दिया था । आज वही घटना सतबरवा पुलिस के साथ होने जा रही थी। बाल बाल बचे सतबरवा के थाना प्रभारी ।वही दोनों वाहन के ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गए ।सतबरवा पुलिस ने एक वाहन को टोचन से खींच कर तो एक वाहन को किसी प्रकार स्टार्ट कर ले गए ।थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों वाहन के ऊपर एवं इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाएगी । बाद में मनिका थाना के जूनियर सब इंस्पेक्टर (जेएसआई) गौतम सिंह भी मौके पर पहुंचे और सतबरवा थाना पुलिस से बात कर वाहन को सतबरवा थाना भिजवाया ।

## दो दिनों से बिजली गुल, अनियमित आपूर्ति की जा रही है

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड में दो दिनो से बिजली गुल है, बिजली आधारित उपकरण बेकार पड़े है, वही महीनो से बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं कटौती से बिजली उपभोक्ता परेशान हैं, कहते है, बिजली आती है, एक घंटे भी सही से नहीं टिकती कट जाती है, उपभोक्ता एवं छात्रो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ज्ञात हो मैट्रिक, इंटर, नवमी, आठवीं का परीक्षा चल रहा है, बिजली सप्लाई में खराबी को लेकर विभाग द्वारा बताया गया, ब्रेकडाउन, एवं मेंटेनेंस को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## मिशन बदलाव के जितेश मिंज होंगे समान्नित

**नेशनल फाउंडेशन दिल्ली की ओर से दिया जायेगा सम्मान**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए नेशनल फाउंडेशन दिल्ली के द्वारा मिशन बदलाव के जीतेश मिंज को नयी दिल्ली में सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। इनमें 20 जो विभिन्न संगठनों से जुड़े हैं और दिशोम लीडर स्कूल से प्रशिक्षित हैं, इसमें व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र और 1-1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए चयनित होने पर खुशी जताते हुए जीतेश मिंज ने कहा ये पूरे मिशन बदलाव टीम के लिए बहुत गर्व की बात है क्योंकि ये सम्मान मिशन बदलाव के सामूहिक प्रयास के कारण ही संभव हो पाया है। जीतेश मिंज ने बताया कि भूषण भगत के नेतृत्व में मिशन बदलाव टीम के द्वारा पिछले कई सालों से झारखंड के विभिन्न जिलों में सामाजिक बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। इस क्रम में जीतेश को भी बहुत कुछ सीखने को मिला, जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से रूबरू होने का मौका मिला। फिर मिशन बदलाव के द्वारा किए जा रहे काम के आधार पर ही उनका चयन साल 2000 में दिशोम लीडरशिप स्कूल में एक साल के लीडरशिप प्रोग्राम के लिए हुआ। इस प्रोग्राम के दौरान उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। इसके लिए उन्होंने टीम के सभी साथियों का आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा की हमारी टीम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जमीनी स्तर पर लीडरशिप तैयार करना ही है। ये खुशी की बात है मिशन बदलाव टीम द्वारा तैयार किए गए दर्जनों युवा विभिन्न अलग अलग संगठनों से जुड़ कर सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह पूरी टीम के लिए खुशी की बात है।

## साल भर पहले बनी सड़क पर हो गये दो सौ से ज्यादा जगहों पर गड्ढे : झानद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने अपने चैनपुर दौरा के क्रम में घाघरा के चपका से चैनपुर प्रखंड तक बनी लगभग 44 किलोमीटर सड़क निर्माण योजना को स्थानीय लोगों की शिकायत पर निरीक्षण किया और पाया कि करोड़ों रुपये की लागत से एक साल पहले बनी सड़क 200 से भी ज्यादा जगहों पर घटिया सड़क निर्माण के कारण टूटकर गड्ढा हो गयी है, जहां लोग गिरकर दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं। घाघरा के चपका से कोटाम, पतगच्छा, कुरूमगढ़, बामदा गांव होते हुए चैनपुर प्रखंड तक बनी सड़क के किनारे निवास करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनते ही टूटने लगी थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा कुछ जगह पर मरम्मत कराकर सैकड़ों जगह अब तक सड़क मरम्मती का कार्य नहीं कराया गया है। इस पर पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सड़क को देखकर लगता है कि प्राक्कलन को ताक पर रख कर सड़क का निर्माण किया गया है। घटिया सड़क निर्माण की सूचना कार्यकारी विभाग व गुमला उपायुक्त को दी जाएगी। यदि अविलंब सड़क की मरम्मत कराते हुए जांच कर संवेदक पर कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी बाध्य होकर आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर पार्टी नेता प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, भूषण सिंह के अलावे पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह का नेत्र चिकित्सा शिविर बिरकेरा गांव में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह, ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा (छ.ग.) के सौजन्य से गुमला जिलान्तर्गत सिसई प्रखंड के बिरकेरा गांव में 16 अप्रैल को निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बाहर से आये नेत्र विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। समूह द्वारा ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की गयी है।

### उपलब्धि : लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए गुमला जिले को मिलेगा पीएम अवार्ड

# पीएम अवार्ड के लिए गुमला बना झारखंड राज्य का पहला जिला

**21 अप्रैल को विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव प्राप्त करेंगे अवार्ड**

**शहर के प्रशासनिक पदाधिकारी, मीडिया कर्मी एवं प्रबुद्धजन एक-दूसरे को बधाई के साथ-साथ उपायुक्त दे रहे हैं को बधाई संदेश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** हर वर्ष सिविल सर्विस डे पर दिये जाने वाले अति प्रतिष्ठित पीएम अवार्ड के लिए गुमला जिले का चयन हुआ है। लोक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री के हाथों मिलने वाला यह अवार्ड गुमला जिले को मिलने की सूचना पर जिले की पूरी टीम एवं यहां के नागरिकों में काफी हर्ष का माहौल है। चयन की आधिकारिक सूचना मिलने के बाद सुबह से ही शहर के प्रशासनिक पदाधिकारी, मीडिया कर्मी एवं प्रबुद्धजन परस्पर एक-दूसरे को बधाई देने के साथ-साथ उपायुक्त सुशांत गौरव को बधाई संदेश दे रहे हैं।

जिले में हर आम और खास व्यक्ति गुमला के समग्र विकास हेतु उपायुक्त सुशांत गौरव के जमीनी प्रयासों, संवेदनशील सोच एवं प्रशासनिक दक्षता की चर्चा कर रहा है। उक्त एक्सीलेंस अवार्ड आगामी 21 अप्रैल को नयी दिल्ली विज्ञान भवन सभागार में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है।

बता दें कि पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नये आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना आदि कार्यों में मिली सफलता ने जिले को एक आयाम दिया है।

## डुमरी में 32 बांस कारीगरों के बीच टूल किट का किया गया वितरण

**बांस कारीगरों की आय के स्रोतों को सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन है प्रयासरत**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला में कई पीढ़ी से एक जाति विशेष के लोग बांस के सूप, दौरा आदि का निर्माण पारंपरिक तरीके से करते आ रहे हैं। नये दौर की मांग को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बांस से बनी सामग्री को तकनीकी रूप से बनाने और इस कार्य में जुड़े लोगों को आगे बढ़ाने के लिए न केवल कार्य योजना तैयार की है बल्कि इसे मूर्त रूप देना भी शुरू कर दिया है। जिले में कुछ दिनों पूर्व डोर टू डोर सर्वे करते हुए 1153 बांस कारीगरों को चिन्हित किया गया है। जिसके उत्थान के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में डुमरी बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड अंतर्गत चिन्हित 54 बांस कारीगरों में से आज 32 बैंबू कारीगरों के बीच बैंबू टूल किट का वितरण किया गया। शेष बचे हुए कारीगरों के बीच सोमवार को टूल किट का वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थित रही।

बताते चलें कि झारखंड के इतिहास में पहली लोक प्रशासन की उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री अवार्ड के लिए गुमला जिले का चयन हुआ है। पीएम अवार्ड के लिए दिए गए विषयों में से बांस कारीगरों के लिए जिले में किए गए प्रयास भी शामिल हैं।

## सांसद आदर्श ग्रामों को तीन स्टार रेटिंग घोषित कर कार्यों को पूर्ण करें : डीसी

**सांसद आदर्श ग्राम एवं रूर्बन मिशन की कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रूरबन मिशन एवं सांसद आदर्श ग्राम अंर्तगत चल रहे योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने योजना अंतर्गत सभी ग्रामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बिशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह एवं पालकोट तथा रूरबन मिशन अंतर्गत करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए। उपायुक्त ने कहा कि रूरबन अंतर्गत ग्रामों को तीन स्टार रेटिंग जल्द से जल्द घोषित किया जाए एवं छोटे-मोटे कार्यों को पूर्ण किया जाए।

उपायुक्त ने आदर्श ग्राम अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 18 मई से पूर्व विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उक्त ग्रामों में नियमित रूप से कैंप लगाते हुए स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उसका ऑन द स्पॉट समाधान ढूंढने का निर्देश दिया। इसी क्रम में रूरबन एवं आदर्श ग्राम अंतर्गत पढ़ने वाले सभी ग्रामों में सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उक्त ग्रामों के शत प्रतिशत घरों में राशन कार्ड उपलब्ध कराएं जाएं साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी लोगों का नियमित जांच शिविर का आयोजन करने के अलावा इंस्टीट्यूशन डिलीवरी, इम्यूनाइजेशन, एएनसी 1/ एएनसी 4 का चेकअप करवाने हेतु लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने फाइलेरिया मुक्त अभियान, टीबी मुक्त अभियान, एनीमिया मुक्त अभियान को पुनः चलाते हुए लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उपायुक्त ने सभी घरों को रुपे कार्ड से जोड़ते हुए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए सभी को जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मौके पर डीडीसी, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा पर जम कर साधा निशाना, कहा

# छोटे व्यापारियों के हाथों से व्यापार छीन कर बड़े व्यवसायियों को दे रही है भाजपा : अविनाश पांडेय

**अडानी और प्रधानमंत्री की यारी देश को भारी पड़ रही है : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि देश के गरीब, किसान व छोटे व्यापारियों के रोजगार पर केंद्र की भाजपा सरकार गिद्ध की नजर रखे हुए है। केन्द्र सरकार गरीबों से उनका रोजगार छीनकर पूंजीपतियों को दे रही है। छोटे-छोटे व्यापारियों का रोजगार छीनकर बड़े-बड़े व्यवसायियों के लिए मॉल बनाया जा रहा है। जिस जंगल की रक्षा आदिवासी करते हैं उसके उपज को छीनने का प्रयास केन्द्र सरकार कर रही है। श्री पांडेय शनिवार को नगर भवन गुमला परिसर में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी संघर्ष व बलिदानों से जन्मी पार्टी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और हमेशा गरीबों के हित की लड़ाई लड़ी है। राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा गरीबों के पैसे अडानी को दिये जाने पर लोकसभा में आवाज उठायी थी। जिसको लेकर केंद्र की सरकार ने उन्हें निशाने पर लेते हुए उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली। लेकिन यह शहादतों से बनी पार्टी के नेता राहुल गांधी लोगों के हक की लड़ाई जारी रखें हैं।

राहुल गांधी की इस लड़ाई को पार्टी कार्यकर्ता जन आंदोलन बनाते हुए गांव-गांव ले जायें और 2024 के चुनाव में केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा कि केंद्र की



**कार्यक्रम में कुर्सी भर भी नहीं जुटे कार्यकर्ता**

**जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी कुर्सी इतनी भी कार्यकर्ताओं की भीड़ नहीं जुटा पायी। कार्यक्रम के दौरान बीच की सारी कुर्सियां खाली दिखाई पड़ीं। यहां तक कि कई प्रदेश स्तरीय नेता कुर्सियों को भरने का प्रयास करते दिखे। हालांकि पोस्टर बैनर से कार्यक्रम स्थल पटा रहा। जिला स्तरीय कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में कुर्सियां खाली रहने से कई तरह की चर्चा होने लगी।**

मोदी सरकार ने 15 लाख रुपये देने, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने व विदेशों से काला धन लाने की बात कही थी, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। बल्कि विदेशों में काला धन और बढ़ गया। केंद्र की सरकार ने अडानी के हाथों पर देश बेच दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अडानी और प्रधानमंत्री की यारी देश को भारी पड़ रही है। बात कहने पर केंद्र सरकार राहुल गांधी के पीछे पड़ गये और उनकी लोकसभा सदस्यता छीन ली। लेकिन कांग्रेस पार्टी जनहित को लेकर आंदोलन करते रहेगी।

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि देश में लोकतंत्र व समाजवाद की स्थापना कांग्रेस के समय में हुआ है। कांग्रेस केवल चुनाव में नहीं आती है यह पुरानी पार्टी है और जनता के हित में काम करती है। आदिवासी समाज कांग्रेस के साथ है। केंद्र की सरकार ने गरीबों को पांच किलो अनाज देकर ठगने का काम किया है। गरीबों का विकास करना है तो उनके आर्थिक स्थिति में सरकार सुधार करें और रोजगार मुहैया कराये। केंद्र की सरकार ईडी का भय दिखाकर हमें डरना चाहती है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुमला पुराने समय से कांग्रेस का गढ़ रहा है। स्व. कार्तिक उरांव ने पूरे झारखंड में कांग्रेस को मजबूत किया था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा व आरएसएस को बंगाल की खाड़ी में भेज देना है। जिसके लिए कार्यकताओं को पार्टी हित में काम करना होगा। पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि देश के आजादी के बाद आज दूसरी लड़ाई के संकल्प के लिए हम जुटे हैं और वर्ष 2024 के चुनाव में देश से भाजपा को उखाड़ फेंकना है। कांग्रेस पार्टी ने देश में संविधान व लोकतंत्र की स्थापना की थी। जिसे वर्तमान केंद्र की सरकार कुचलना चाहती है।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, बाबी भगत, रमेश कुमार चीनी, जिला प्रभारी अजयनाथ शाहदेव, अकील रहमान, आशिक अंसारी, आजाद अंसारी, राजनील तिग्गा, मुरली मनोहर प्रसाद, गजेंद्र सिंह, चुमनू उरांव, पुष्प लता दूबे, गुलाम सरवर, राजीव रंजन महतो, मानिक चंद साहु, रामनिवास प्रसाद, अलबर्ट तिग्गा, रघुनंदन प्रसाद, बैबूल अंसारी, मो. सदाब, मो. मुख्तार आलम, मो. कलाम, फिरोज आलम, खालिद शाह सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बिशुनपुर प्रखंड के बनालात में कसमार सरहुल मिलन समारोह का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनालत में शुक्रवार को कसमार सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर तीन सिमानी सरना पूजा स्थल बोराग से बनालात बाजार टांड़ तक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों गांव के खोड़हा के नेतृत्व में पारंपरिक ढोल नगाड़ा के साथ लोग नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरना समिति के केंद्रीय सचिव संतोष तिर्की ने कहा कि आज हम लोगों को एकजुट होकर अपनी परंपरा एवं संस्कृति को बचाने की जरूरत है। हमारे आदिवासी परंपरा के अनुसार सरहुल पूजा से ही हम लोग खेती बारी एवं नये कार्यों का शुरुआत करते हैं। जैसे जंगलों के पेड़ पौधे एवं साल पेड़ में नये पत्ते एवं फूल आते हैं उसी तरह हमारे जीवन में भी खेती बारी करने के लिए एक वर्ष की नयी शुरुआत होती है। मौके पर समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश उरांव ने कहा कि प्रकृति के प्रति आस्था, संस्कृति एवं अपने परंपरा को बचाए रखने के लिए हमें इसी तरह एकजुटता बनाए रखना है। मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय बनालात के प्रधानाध्यापक सुखदेव उरांव, विधायक प्रतिनिधि गुरुदेव उरांव, देवेंद्र तिर्की, मुखिया पार्वती कुजूर, कलेश्वर उरांव, कमला कच्छप, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक खेरवार, सुनील खेरवार, रामलाल भगत, ब्रह्मदेव उरांव, कैलाश उरांव, चंद्र मोहन उरांव, कमल उरांव, सुरेंदर उरांव, रतनलाल उरांव सहित कई लोग सम्मिलित हुए।

### स्कूल को जैक बोर्ड से मान्यता मिलने और शिक्षिका की सेवानिवृत्ति पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुरबुंगा स्थित संत अर्नोल्ड हाई स्कूल तुरबुंगा में स्कूल को झारखंड बोर्ड से मान्यता मिलने एवं स्कूल की शिक्षिका दुलारी केरकेट्टा के रिटायर होने पर फेयरवेल प्रोग्राम रखा गया। सर्वप्रथम पारिस में प्रार्थना कार्यक्रम रखा गया। जहां मिस्सा अनुष्ठान फादर लीनुस पिंगल एक्का द्वारा कराया गया। इसके उपरांत स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर अनसेलेम द्वारा सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत भाषण दिया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं और स्कूल कर्मियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें कक्षा नवीं के छात्रों द्वारा स्वागत गान एवं जुबीलेशन सांग, कला विकास ग्रुप द्वारा प्रार्थना डांस और संबलपुरी डांस, स्नेहा एंड ग्रुप द्वारा आदिवासी डांस, मैडम मैक्सिमा एंड ग्रुप द्वारा संथाली नागपुरी डांस, स्टाफ द्वारा ऑर्केस्ट्रा, निशिमा एंड ग्रुप द्वारा हिंदी फिल्मी डांस और छात्रों एवं स्टाफ द्वारा फेयरवेल सांग का मनमोहक प्रस्तुति का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को कोलेबिरा विधायक अमन विक्सल कोंगाडी, गुमला डायसिस के प्रशासक लीनुस पिंगल एक्का, गुमला के पूर्व विक्टर जेनरल सिप्रियन कुल्लू, ओडिसा डिवाइन वर्ल्ड एडुकेशन सोसाइटी के सचिव फादर केसी थॉमस, एसवीडी के सचिव फ्रांसिस किंडो, शिक्षिका दुलारी केरकेट्टा द्वारा भी संबोधित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, मुखिया फिलिसिता सुरीन, फादर पायस खलखो, मरियानुस एक्का समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं, सिस्टर, छात्र-छात्रायें और अभिभावक उपस्थित थे।

### नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को वन विभाग ने कराया पर्यावरण भ्रमण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वन प्रमंडल गुमला द्वारा नवोदय और केन्द्रीय विद्यालय स्कूल के छात्रों के लिए भ्रमण कार्यक्रम का अयोजन किया गया है। जिसमें छात्रों को बेतला राष्ट्रीय उद्यान में एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस परिभ्रमण का उद्देश्य था कि छात्रों को पर्यावरण की मौजूदा परिस्थिति और उसके महत्व से रूबरू कराया जाए। यात्रा के दौरान उन्हें वनों की पारिस्थितिकी की कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही बताया गया कि पर्यावरण का हमारे जीवन में क्या महत्व है। इसके अतिरिक्त वनों के बारे में कई अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। इस दौरान छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के बीच डायरी, पेन, फोल्डर, टी शर्ट, बैग और कैप वाली किट का वितरण किया गया।

### रेफरल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के निर्देश पर रेफरल अस्पताल बसिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा की निगरानी में रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इस रक्तदान शिविर हेतु 30 लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया था परंतु जांचोपरांत 22 लोगों से ही रक्तदान कराया गया। इस मौके पर बीडीओ रविन्द्र कुमार पांडेय विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुम्हार मोड़ स्थित आश्रम विद्यालय के समीप बुधवार को मिले अज्ञात शव की पहचान हुई। जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी भगवान साहू के 19 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार कुमार के रूप में हुई। ज्ञात हो कि बुधवार सुबह कुम्हार मोड़ स्थित आश्रम विद्यालय के पीछे मिले अज्ञात युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर व पेट काटकर कर दी गयी थी। आशंका जतायी जा रही थी कि प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की हत्या कहीं और करके शव को आश्रम विद्यालय के पीछे फेंक दिया गया था। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि शनिवार को मृतक के परिजनों द्वारा गुमला पहुंच कर पहचान करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं परिजनों ने बताया कि कुंदन रांची में रहकर पेंटिंग का काम करता था।

## कार्रवाई : खूंटी से पोस्ता भूसी लाद कर भेजा जा रहा था यूपी के मुजफ्फरनगर

# सात क्विंटल पोस्ता भूसी सहित दो गिरफ्तार

**300 खाली कैरेट के बीच छीपा कर 54 बोरा में रखा गया था पोस्ता भूसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने चियांकी चेक पोस्ट के निकट से एक ट्रक में लदे सात क्विंटल पोस्ता भूसी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मो फैजान (45) और शहजाद (33) के रूप में हुई है। मोहम्मद फैजान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देहात कोतवाली स्थित बेहेट रोड का रहने वाला है। जबकि शहजाद भी सहारनपुर जिले के सरशवा का रहने वाला है। मो फैजान पेशे से ट्रक चालक है, जबकि शहजान ट्रक का मालिक बताया जा रहा है। ट्रक में 300 खाली कैरेटों के बीच 54 बोरा में यह प्रतिबंधित पदार्थ छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने सदर थाना कांड संख्या-40/2023 में भादवि की धारा 15/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एनएच-75 चियांकी चेक पोस्ट के निकट मुख्य सड़क पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस वाहन को देखकर सतबरवा की ओर से आ रही खाली कैरेट लोड एक ट्रक- का चालक गाडी छोड़कर भागने लगा। हालांकि वहां तत्पर सशस्त्र बल के जवानों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। इसके बाद सदर थाना में पूछताछ के दौरान आरोपितों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा कैरेट के बीच में छिपाकर पोस्ता भूसी लोड किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में ट्रक की विधिवत तलाशी के दौरान 300 कैरेट के बीच में करीब 700 किलो ग्राम पोस्ता भूसी जैसा पदार्थ बरामद किया। आरोपितों ने बताया कि पोस्ता भूसी को खूंटी से लादकर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे। बताया कि पैसे के लालच और गाड़ी का बकाया किस्त भरने के लिए पोस्ता भूसी के अवैध व्यापार में संलिप्त हो गया था। वहीं, छापामारी दल में सदर एसडीपीओ समेत सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, सअनि अभिमन्यु कुमार, निरंजन कुमार, हृदयानंद, अमित कुमार उपाध्याय व रामलाल शर्मा आदि शामिल थे।



अवैध पोस्ता भूसी के साथ गिरफ्तार आरोपित।

## यातायात पुलिस की सुविधाओं में की जायेगी बढ़ोतरी: एसपी

### शहर में तैनात 60 पुलिसकर्मियों को मिला चश्मा और गमछा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में शनिवार को जिले के यातायात व्यवस्था को संभालने में तैनात 60 जवानों के बीच इपसोवा की पलामू शाखा की ओर से जश्मा और गमछे का वितरण किया गया। लगातार बढ़ रहे तापमान व चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए इपसोवा जिला अध्यक्ष व पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की धर्मपत्नी कंचन ने यह वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान भीषण गर्मी में भी सड़कों पर खड़े रहकर जिले की व्यवस्था संभालते हैं। साथ ही धूल व धुओं के बीच अपने कर्तव्य पर मुस्तैद रहते हैं। इस परिस्थिति में पुलिस परिवार के मुखिया के रूप हमारा कर्तव्य है कि इस को सराहनीय बनाने के लिए हर संभव उपाय किए जाएं। चश्मा व गमछा कर्मियों को धूप, धूल व धुएं से बचाने में मददगार होगा। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि भविष्य में ट्रैफिक जवानों को चौड़े रिम वाले हैट एवं फ्लोरेसेंट जैकेट भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे उन्हें अपनी कर्तव्यों के निर्वहन में ओर अधिक सुविधा हो सकेगी । वहीं सतुआनी के पर्व के अवसर पर सभी जवानों के बीच सत्तू के शरबत का भी वितरण किया गया। इस आयोजन में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग सहित कई अधिकारी व जवान उपस्थित थे।



# मोदी सरकार विपक्ष को पूरी तरह खत्म कर देना चाहती है: जैश रंजन

**कांग्रेसियों ने किया जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार पंचायत में कांग्रेस के भारत सत्याग्रह को लेकर शनिवार को प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी की अगुवाई में नुक्कड़ सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह और संचालन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेसी सड़क पर उतरे हैं। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। मोदी सरकार विपक्ष को पूरी तरह से तबाह कर देना चाहती, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि वर्तमान में देश की स्थिति बहुत दयनीय और चिंतनीय हो गई है। महंगाई चरम सीमा पर है। रसोई गैस से लेकर पेट्रोलियम और खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ती ही जा रही है। इससे देश का हर वर्ग त्रस्त है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी शंभू कुमार सिंह, महासचिव मुकेश सिंह, अवधबिहारी सिंह, शैलेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, कमल कुमार कौशल, ललन चौधरी, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, हसन जी, अर्जुन सिंह, राजेश तिवारी आदि थे।



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी और अन्य।

## झामुमो सतबरवा इकाई ने मंत्री चंपई सोरेन का किया स्वागत

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी कल्याण,परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान जीवन सिंह ने मंत्री चंपई सोरेन से कहा कि सतबरवा प्रखंड के दो पंचायत बकोरिया व रबदा पूर्व में मेसो क्षेत्र में था। मेसो क्षेत्र से काट कर सतबरवा प्रखंड में शामिल कराया गया। पर मेसो क्षेत्र का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस पर मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि लोगों को मेसो क्षेत्र का लाभ मिलेगा। मैं इसे देखता हूं। कई अन्य लोगों ने शिकायत की कि सतबरवा प्रखंड कई विधानसभा में बंटा हुआ है। इससे हानी ही हो रही है।

# प्राइवेट कंपनियों में एससी-एसटी को काम दिलाने और लूटी गयी जमीनों पर कब्जा दिलाने पर विशेष जोर देगी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** राज्य सरकार ने एससी-एसटी को प्राइवेट कंपनियों में नौकरियां दिलाने में विशेष जोर दिये जाने की मंशा जतायी है। अखिल ड्डारतीय आदिवासी महासड्डा के द्वितीय केंद्रीय महासम्मेलन में शनिवार को शिवाजी मैदान, मेदिनीनगर में कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने इस ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि राज्य की धरती में सड्डी प्रकार के खनिज पदार्थ हैं। उसकी लूट के लिए सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट में बदलाव के खिलाफ आदिवासियों ने लड़ाई लड़ी। राज्य सरकार ने आदिवासी परंपरा को बचाने का काम किया है। उसी अनुरूप योजनाएं बनायी। ग्राम वनों में हक को लेकर आवेदनों पर एक ही दिन में स्वीकृति दी गयी है। कई गांवों में ऐसा किया गया। वन पर आश्रित लोगों को वन पट्टा दिया जा रहा है। पलामू पिछड़ा जिला है, इसलिए यहां के एसटी, एससी, पिछड़ों की समस्या पर ध्यान दिया जायेगा.। एसटी-एससी की अवैध रूप से लूटी गयी जमीन वापस करायी जायेगी। निजी कंपनियों में ड्डी एसटी-एससी को काम दिलाने का विशेष प्रयास होगा। मौके पर मंत्री को आदिवासी महासड्डा ने एक मांग पत्र ड्डी सौंपा। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा : विधायक रामचंद्र सिंह



मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मौके पर कहा कि झारखंड में विकास के नाम पर उपनिवेश बना दिया गया है। यहां खनिजों का दोहन किया जा रहा है। धर्म के नाम पर आदिवासियों को लड़ाया जा रहा है। जेपी मिंज ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आदिवासियों की भाषा, संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। इसे खत्म करने की साजिश रची जा रही है। राज्य की खनिज संपदाओं के ऊपर कारपोरेट की नजर है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है। पलामू में आदिवासी जमीन पर सामंतों का कब्जा है। वन अधिकार कानून के दावों का निपटारा धीमी गति से हो रहा है। मिंज के मुताबिक हमारे देवी-देवता संस्कृत नहीं जानते, फिर भी 116 पाहनों को बनारस ले जाकर पूजन विधि सिखायी जा रही है। आदिवासी अब हक हकूक के लिए आगे आ रहे हैं। उनकी एकता को तोड़ने के लिए फूट डाली जा रही है।

# 23 मार्च से शुरू हो चुकी है केंद्र सरकार की उल्टी गिनती: बिट्टू

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड़/पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर शनिवार को 18 वें दिन उंटारी प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू मौजूद थे। इसके अलावा प्रखंड प्रभारी सतनारायण तिवारी, सत्येंद्र सिंह एवं मुकेश सिंह मौजूद थे। नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार पर घोटालों एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में केंद्र सरकार चोरों की चौकीदारी कर रही है। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार कर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। केंद्र सरकार देश की संपदा लूटने वाले को संरक्षण दे रही है। जन जन के नेता राहुल गांधी ने जब सवाल किया और सबूत दिखाए तो उनकी संसद की सदस्यता छीन ली गई। देश की जनता जान चुकी है कि 23 मार्च 2023 से केंद्र सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 2024 में देश की जनता भाजपा को जवाब देगी। इस मौके पर अमृत शुक्ला, महेंद्र दूबे, सत्येंद्र सिंह, मुकेश सिंह, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, श्याम नारायण सिंह, हरिद्वार तिवारी, सच्चीदा तिवारी, अक्षत सिंह, निर्मल सिंह, पवन सिंह, राजेश सिंह, उदय सिंह, वंशी सिंह, सोनू सिंह आदि थे।



कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल वरिष्ठ नेतागण।

# मिनी बांध और फ्लाई ओवर पहली प्राथमिकता: महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि 20 अप्रैल को होने वाली जिला स्तरीय दिशा की बैठक में शहर के गिरते जलस्तर को बनाए रखने के लिए कोयल नदी में शहर के बाहर मिनी बांध 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर तक बांधने की योजना जिसे मैंने निगम बोर्ड द्वारा पारित कराया है। यह योजना रखूंगी ताकि शहर का जल स्तर में सुधार हो सके और नित्य बंद हो रहे चापा नल में पानी आ सके। क्योंकि यही एकमात्र विकल्प जनजीवन को जल देने का है। साथ ही कोयल में 5 फीट पानी बने रहने से जानवरों को भी सुलभ हो पाएगा और सिंचाई भी यथासंभव होगी। महापौर ने कहा कि कम लागत में मिनी फ्लाईओवर विमेंस कॉलेज मार्ग में बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ देने से शहर के अंदर गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे जाम से निजात मिल सकता है। यह दोनों योजना निगम बोर्ड द्वारा पारित है और शहर के लिए अति महत्वपूर्ण है।



### ड्राई जोन में बढ़ेंगे पानी के टैंकर : अरुणा शंकर

महापौर ने ड्राई जोन वार्ड नंबर 2,8,9 का दौरा कर देखा कि स्थिति बहुत ही भयावह है। ड्राई जोन में और भी पानी की आवश्यकता होगी। महापौर ने मोहल्ले वालों से मिलकर समीक्षा की और कहा कि चिंता ना करें। एक- दो दिनों के अंदर सूची बनवा रही हूं। जहां-जहां आवश्यकता होगी पानी दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि हमारे निगम क्षेत्र के लोगों को इस बार पानी के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिसे दूर करना मेरी जवाबदेही है। महापौर ने कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि लगभग सभी वार्ड में ऐसे ही स्थिति बनी हुई है मैं जल्द पार्षदों के साथ समीक्षा करूंगी और जहां जहां पानी की कमी होगी उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# पलामू पहुंचे चंपई सोरेन, झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**मंत्री चंपई सोरेन ने राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन शनिवार को पलामू पहुंचे। इसके पूर्व झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ मंत्री चंपई सोरेन का भव्य स्वागत किया। झामुमो युवा नेता व निगम के विपक्षी नेता दीपक तिवारी ने गुलदस्ता भेंट किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद मंत्री चंपई सोरेन जिंदाबाद सरीखे नारे लगाए। इसके बाद मंत्री ने दुबियाखड़ मोड़ पर स्थित राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पलामू के कार्यकर्ता काफी ऊजार्वान एवं संघर्षशील हैं। इसके बाद मंत्री मेदिनीनगर के ऐतिहासिक शिवाजी मैदान में आयोजित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा सम्मेलन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा,पार्टी के युवा नेता दीपक तिवारी, सन्नू सिद्धकी, दीपू चौरसिया, परवेज अख्तर, अविनाश देव, सुनिल तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



एम चिम्मास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हरा दिया। इस तरह आइपीएल16 में दिल्ली की यह लगातार पांचवी हार है।

### कोहली ने जमाया 47वां अर्धशतक, डेब्यूटेंट वैशाक ने लिये 3 विकेट

# दिल्ली की लगातार 5वीं हार, बेंगलुरु 23 रन से जीता

एजेंसी

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग-16 में दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। टीम ने मौजूदा सीजन में लगातार 5वां मुकाबला गंवाया है। डेविड वार्नर की कप्तानी वाली दिल्ली को शनिवार को हुए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 23 रन से हरा दिया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में दिल्ली के बल्लेबाज 20 ओवर में 9 विकेट पर 151 रन ही बना सके।





### फेल रहे दिल्ली के बल्लेबाज

बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली (50 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि महिपाल लोमरोर(26 रन), ग्लेन मैक्सवेल (24 रन) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (22 रन) ने अहम पारियां खेलीं। मिचेल मार्श और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। वहीं, 175 रन का टारगेट चेज करते हुए दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 32 रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में मिडिल ऑर्डर पर खेलने आए मनीष पांडेय (50 रन) ने संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेलकर पारी को संभालने की नाकाम कोशिश की, लेकिन उन्हें हसरंगा ने एलबीडब्ल्यू कर राजधानी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अक्षर पटेल (21 रन) भी प्रभावी बैटिंग नहीं कर सके। कप्तान डेविड वार्नर ने 19 रन का योगदान दिया।

बेंगलरु की ओर से आइपीएल डेब्यू कर रहे विजयकुमार वैशाक ने तीन विकेट चटकाए। सिराज को दो सफलताएं मिलीं। पार्नेल, हसरंगा और हर्षल पटेल ने एक-एक विकेट बांटे।

### दिल्ली की खराब शुरूआत

175 रन का टारगेट चेज करने उतरी दिल्ली की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 32 रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए। कप्तान डेविड वार्नर 19, पृथ्वी शॉ जीरो, मिचेल मार्श जीरो और यश धुल एक रन बनाकर आउट हुए। सिराज, वेन पार्नेल और वैशाक ने एक-एक विकेट लिए।

## जपला आरपीएफ ने रेल टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएफ ने अवैध रेल टिकट के एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबत आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि हैदरनगर मार्केट के एसएम कम्प्यूटर एंड नेटवर्किंग प्रतिष्ठान में अवैध रूप से रेलवे का टिकट बेचा जा रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए सदाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। लगे हाथ दुकान से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पर्सनल पांच यूजर आईडी आदि जब्त किया गया। इसके बाद आरपीएफ ने आरोपित को वाद संख्या 95/23 धारा 143 के रेलवे अधिनियम के तहत डाल्टनगंज रेल न्यायिक दंडाधिकारी के यहां भेज दिया। कहा कि रेल टिकट के अवैध कारोबार में संलिप्त कारोबारी के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं, छापामारी अभियान में इसमें एसआई निशांत कुमार, अनवर हुसैन, पवनेश सिंह व सीआइबी के सुभाष चंद्र सिंह आदि शामिल थे ।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दें शिक्षक : नामधारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सतबरवा में शनिवार को कॉलेज के सचिव सह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दानदाता सदस्य दिलीप सिंह नामधारी का कॉलेज परिवार ने बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दानदाता सदस्य दिलीप सिंह नामधारी ने कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफसर से औपचारिक परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में बेहतर पढाई का माहौल बने। शिक्षक पूरे जोश व जज्बे के साथ बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। मैं कॉलेज को जिस चीज की भी जरूरत होगी वह पूरा करूंगा। कॉलेज के विस्तारीकरण व सुंदरीकरण का कार्य तेज गति से होगा। वहीं प्राचार्य ज्योति सिन्हा ने बताया कि इस सत्र से इंटर में कॉमर्स, आट्र्स के अलावे साइंस का भी नामांकन होगा। इस मौके पर सोहडी खास प्लस2 के प्राचार्य भरदुल सिंह, अजय प्रसाद,भोला मेहता, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, प्रदीप सिंह, श्याम बिहारी सिंह, अखिलेश तिवारी समेत तीनों संकाय के प्रोफेसर मौजूद थे।

# बीसीसीएल जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार लोग घायल




झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र स्थित झरिया- सिंदरी मुख्य मार्ग के इंदिरा चौक के समीप सुराटांड़ बस्ती में बीसीसीएल की खाली जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। इसकी सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। साथ ही जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष के घायल मोहनलाल ने बताया कि उनका परिवार पिछले 50 साल साल से सुराटांड़ बस्ती में रहता है। यह जमीन बीसीसीएल की है। रंजीत पासवान और उसका बेटा राहुल जबरदस्ती जमीन कब्जा करने को लेकर मारपीट करने लगे। इसमें बेटी को भी गंभीर चोटें आई है। वहीं, राहुल ने मोहनलाल पर हमले का आरोप लगाया है।

### साल 2019 के जुलाई महीने में युवती की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप प्रमाणित

# दहेज हत्या के दो दोषियों को 10-10 साल कारावास की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने चतरो चट्टी थाना अंतर्गत खरना निवासी हुलसी देवी और रीता देवी को दहेज हत्या का दोषी पाए जाने पर 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बताते चले कि हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना अंतर्गत होलंग निवासी सूचक चुरामन महतो ने चतरो चट्टी थाना में 29 अक्टूबर 2019 को बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बेटी ललिता कुमारी की शादी



जुलाई 2019 में भागीरथ महतो के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। 29 अक्टूबर 2019 को सुबह फोन से सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गई। उसके ससुराल पहुंचने के बाद पता चला कि उसकी बेटी का शव अंदर कमरे में जली हुई हालत में पड़ा था। जहां से मिट्टी तेल की गंध भी आ रही थी। देख कर प्रतित हुआ कि उसकी बेटी को उसकी सास हुलसी देवी एवं सौतन रीता देवी ने केरोसिन तेल छिड़ककर जला कर हत्या कर दी है। आरोप पत्र समर्पित करने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज द्वितिय अनिल कुमार के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं उभय पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने आरोपित सास हुलसी देवी एवं सौतन रीता देवी को दहेज हत्या के मामले में सिद्ध दोषी करार दिया। दोषी पाने के बाद हुलसी देवी और रीता देवी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाने के बाद दोषी अभियुक्त को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय साहू ने बहस किया।

# चतरोचट्टी में कुल्हाड़ी से काट कर युवक की हत्या

**घटना के बाद से आरोपित फरार, गांव में तनाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बडकीचिदरी पंचायत के दुधमो गांव में 42 वर्षीय एक युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान दासो मांझी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को कुछ लोगों के बीच आपसी विवाद को लेकर पंचायत हुई थी। पंचायत समाप्त होने के बाद बिसुन मांझी नामक व्यक्ति घर आने के क्रम में रास्ते में दासो मांझी को पकड़ कर अपने घर ले गया और कुल्हाडी से मारकर उसकी हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलने के बाद गोमिया अंचल पुलिस निरीक्षक विनोद गुप्ता और चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। वहीं, चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि अभी तक किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं मिला है। जैसे ही लिखित शिकायत मिलेगी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि पूरे प्रकरण पर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है।

# सभी धर्म हमें एकता के सूत्र में पिरोते हैं : डॉ शोभा सिन्हा

**झरिया किड्स गार्डन सेकेंडरी विद्यालय में हुआ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन**

**झरिया (आजाद सिपाही)।** किड्स गार्डन सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को बांग्ला नववर्ष के साथ बैशाखी व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की निदेशिका डॉ शोभा सिन्हा ने संपूर्ण



नृत्य कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

किड्स परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं, प्रचार्या डॉ स्नेहलता सिन्हा ने कहा कि हमारे सभी धर्म हमें एकता के सूत्र में पिरोते हैं। वहीं, उप प्राचार्य एके वर्मा ने कार्यक्रम के लिए संलग्न शिक्षकों और छात्रों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बांग्ला गीत, नृत्य और भांगड़ा नृत्य पेश किया गया। वहीं छात्रों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। उद्घोषिका दीपा राय चौधरी प्रारंभ से अंत तक मंचासीन थी।

# राष्ट्रहित के लिए कोयला जरूरी, लेकिन मानव जीवन बचाना सर्वोपरि : पूर्णिमा





**ग्रामीणों के साथ अन्याय हुआ तो परियोजना से एक छटांक कोयला नही उठने देंगे : सुभाष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया/अलकड़ीहा।** राष्ट्रहित के लिए कोयला जितना जरूरी हैं उससे ज्यादा मानव जीवन। जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर आउटसोर्सिंग परियोजना चलाया गया तो परियोजना से एक छटांक कोयले का उत्पादन नहीं होने देंगे। उक्त बातें विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कही। वे शनिवार को जयरामपुर स्थित बीयर कंपनी चौक के समीप आउटसोर्सिंग परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों कि ओर से आयोजित जन आक्रोश सभा को संबोधित कर रही थीं। इससे पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता हर्ष सिंह ने आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ने वाली धूलकण एवं विस्थापन होने से प्रभावित मुहल्लों एवं लोगों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। पूर्णिमा नीरज सिंह ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि आज जनता कि सरकार हैं। जनता जो चाहेगी वही होगा। वे गोली के बल पर जनता कि आवाज को नहीं दबा सकते हैं। ऐसा करने की कोशिश की गई तो जनता सर्वनाश का कारण बन जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जयरामपुर लोदना को उजाड़ने कि साजिश पहले कि सरकार एवं विधायक के समय में भी हुई थी। उस समय स्व नीरज सिंह ने प्रबंधन और दलालों के खिलाफ लड़ाई लड़कर यहां के घरों को उजड़ने से रोका था। आज फिर कुछ दलाल नेता पर्दे के पीछे से प्रबंधन से मिलकर लोदना जयरामपुर को उजाड़ने का खेल खेल रही हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि आप एकजुट होकर हमें साथ दें। हम विस्थापन से रोकेंगे। झरिया विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि जबतक यहां के लोग नहीं चाहेंगे तब तक एक भी घरों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भौंरा चांदमारी के लोगों की लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाई। अब बारी यहां कि हैं। आप साथ दें तो ऐसे ठेकेदार को भौंरा और चांदमारी से भगाया हैं। जरूरत पड़ी तो धनबाद से भी विदाई करा देंगे। विधायक ने कहा कि उक्त क्षेत्र को जब उनके दिवंगत पति ने उजड़ने नहीं दिया। तो हम ऐसा कैसे होने देंगें। कहा कि आज से पूर्व झरिया में विकाश दिखाई नहीं दिया जो अब दिख रही हैं। यहां मैं तब तक चैन से नहीं बैठूंगी जब तक झरिया के लोगों को पानी की समस्या से मुक्ति ना दिला दूं। वहीं, जमसं के संयुक्त महामंत्री सुभाष सिंह ने भी अपने विचार रखे। वहीं क्षेत्रीय सचिव मृणालकांत सिंह के संचालन में आयोजित सभा को विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय कांग्रेस नेता हर्ष सिंह, उमाशंकर शाही, मल्लू सिंह, आर के पाठक, सुबोध सिंह, राज आनंद, किशोर कुमार, रामबाबू यादव, रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, दीपक सिंह, अनिल सिंह, अजय कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, जुल्ला यादव, राकेश सिंह, प्रतिमा देवी, शरीफ कुरेशी आदि ने भी संबोधित किया। वहीं, सभा को सफल बनाने में रूपक सिन्हा, रामबाबू सिंह,दीपक सिंह, समरजीत सिंह, राकेश सिंह,कुमार अमित आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# दोहरी नीति रखनेवाले लोगों को बाबा साहेब की प्रतिमा छूने का अधिकार नहीं: बिट्टू मिश्रा

**युवा राजद ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा को गंगाजल से धोकर शुद्ध कर किया माल्यार्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चिरकुंडा।** वैसे विचारधारा वाले पार्टी के लोग जो बाबा साहेब द्वारा लिखित लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरोध में संविधान को सड़क पर जलाते हैं, आरक्षण विरोधी विचारधाराओं का सहयोग करते है और बाबा साहेब द्वारा लिखे गए लोकतंत्र के दर्पण संविधान को भी बदल देना चाहते है। ऐसे लोग किसी भी जाति या धर्म के हो, उनकी दोहरी नीति को युवा-राजद स्वीकार नहीं करेगा। वैसे लोगों को बाबा साहेब की प्रतिमा को छूने का भी अधिकार नहीं है। उक्त बातें युवा राजद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा ने कही। वे शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को गंगाजल से शुद्धिकरण कर माल्यार्पण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि युवा राजद के बैनर तले राजद नेत्री सुनीता सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद का घेराव किया गया था। जिसके बाद चिरकुंडा नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होने के 3 साल बाद बाबा साहेब जी का नाम लिखा गया। युवा राजद वैसे लोगों का विरोध करता है और करता रहेगा। इसके साथ ही जनता से आह्वान किया कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संविधान विरोधी विचार धारा के लोगों और पार्टियों की पहचान कर उनका विरोध करें। इस मौके पर सुनीता सिंह, लाल बाबू यादव, उपेद्र यादव, आनंद महतो, मोहन यादव, विक्रम यादव, सोनू खान, बादशाह खान, अभिषेक मंडल, नवाब सिद्धकी, किशोरी यादव, सोनू यादव, विक्रांत मिश्रा, अजीत सिंह, अशोक साव, जॉनी खान, सुनील रजक, मो फरहान, मनोज बावरी, संजीत साव, रवि शर्मा, मोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

# बेहतर कार्य करनेवालों को डीसी ने किया सम्मानित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला ग्रामीण विकास विभाग में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मियों को डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री जी ने शनिवार को शॉल ओढ़ाकार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें चास बीडीओ मिथिलेश चौधरी, परियोजना पदाधिकारी मानीक चंद्र प्रजापति, गोमिया प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन गुप्ता और जिला समन्वयक पीएमयू राजीव कुमार शामिल हैं।



### वापस जेल भेजे गये संजीव सिंह, समर्थकों में आक्रोश

# सत्तापक्ष के दबाव में बिना स्वास्थ्य सुधार के संजीव सिंह को किया गया डिस्चार्ज: रागिनी

**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल अधीक्षक से की मुलाकात, डिस्चार्ज करने पर जताई आपत्ति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में इलाजरत झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को जेल प्रशासन की ओर से शनिवार को वापस धनबाद मंडल कारा ले जाया गया। इससे उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इस बाबत भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल अधीक्षक अरुण कुमार बरनवाल से मुलाकात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उनके तर्क पर आपत्ति दर्ज कराई। वहीं, संजीव सिंह की पत्नी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनके पति काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं। बीते 10 अप्रैल को उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद धनबाद जेल प्रशासन द्वारा आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने



## अस्पताल प्रबंधन की बातें संतोषजनक नहीं

**वहीं, भाजपा के जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि अस्पताल अधीक्षक से हमारी बात हुई है। हम उनके बात से संतुष्ट नहीं हैं। यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि सत्ता पक्ष के दबाव में पूर्व विधायक का इलाज नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अगर उनके साथ किसी भी तरह की अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए सरकार, जिला प्रशासन और एसएनएमएमसीएच अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह जिम्मेवार होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, मुकेश सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, तमाल राय, डिंपू लाला, जयंत चौधरी, उमेश यादव, अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा, दिलीप भारती, छोटू सिंह, स्वरूप भट्टाचार्य आदि थे।**

स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें सीसीयू में भर्ती किया। बताया कि उनके स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। बाएं शरीर की तरफ कोई हलचल नहीं दिख रही। यहां के चिकित्सक किस तरह का इलाज कर रहे है इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही। वो उनके इलाज से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन सत्ता पक्ष के दबाव में बिना किसी सुधार के ही संजीव सिंह को डिस्चार्ज कर दिया।

# मजदूरों की समस्याओं के निदान को लेकर कुसुंडा महाप्रबंधक और जमसं के बीच वार्ता

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यालय में कुसुंडा महाप्रबंधक डीके गोयल और जनता मजदूर संघ (जमसं) के पदाधिकारियों के बीच शनिवार को वार्ता हुई। जिसमें 24 मजदूरों को पिछले 9 माह से वेतन भुगतान नहीं होने की समस्या समेत केडीएसके साइडिंग में प्राइवेट रैक होल्डर द्वारा नियमों के विरुद्ध लोडिंग किए जाने को लेकर विरोध जताया गया। अंत में प्रबंधन द्वारा एक सप्ताह का समय लेकर सभी मामलों का निष्पादन करने की बात कही गई। इस मौके पर जमसं की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह, अभिषेक सिंह, गोलू रवानी, रूपेश पासवान, तमाल राय, रंजीत रवानी, क्रांति कुमारी, उमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/ $F_2$-4/2023-24 दिनांक –15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | रामबाँध मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धारप्रखंड– बुण्डू, जिला–रॉंची |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 92.081 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 02.05.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराहन तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.05.2023 1:00 बजे अपराहन |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.05.2023 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।<br>eemidkhun-cemr-jhr@nic.in, 9934355409 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रॉंची।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल,रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः**–केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 295194Minor Irrigation(23-24)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

**E-Procurement Notice (2nd Call)**

Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 Dated : 14-04-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | **Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi** |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | **17.04.2023 / 12.30 P.M.** |
| 3 | Last date / Time for receipt of Bid | **22.04.2023 / 05.00 P.M.** |
| 4 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | **24.04.2023 / 05.00 P.M.**<br>1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi<br>2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar<br>3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 5 | Date & time of Opening of Tender | **25.04.2023 / 04.00 P.M.** |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 7 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 10 | **Detailed survey, designing and drawing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23.** | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-29 | Panki | 2 | 14 | 82 | 837.15 | 8.38 | 10000.00 | 9 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

**Executive Engineer**
**DW&S Division, Medininagar**

PR 295196 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, SIMDEGA

Email id:- dlsasimdega@gmail.com

**Notice inviting application for providing service of Sweepers/Safaikarmi from Reputed Outsourcing Empanelled Agency on Outsourcing Basis.**

**DATE:- 13.04.2023**

This is to inform that in pursuance to the directions contained in Letter No. 895 dated 18.03.2023 of the Hon'ble Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA), Ranchi, the District Legal Services Authority, (DLSA) Simdega invites applications for providing " Service of **two (02) Sweepers/Safaikarmi** on Outsourcing Basis" on the terms and conditions mentioned below from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department.

**Terms & Conditions.**

1. The application should be addressed to the **Principal District Judge cum Chairman, District Legal Services Authority, Simdega** in a sealed envelope clearly mentioning therein "**Application for Outsourcing Service of SWEEPERS/SAFAIKARMI**" and the same shall be submitted to the office of DLSA, Simdega, through speed post or personally in the office of the Secretary, DLSA **on or before 23rd April, 2023 by 17:00 Hrs.**
2. The nature of services to be procured shall be purely on **temporary basis**. The human resource assigned to the above post will be the sole responsibility of the agency and in any condition or circumstances the human resources deployed for the services will not claim for their services to be permanent or demand directly from the department for extending facilities during their services.
3. The application should be accompanied by the following documents:-
   a) Self-attested copies of Registration of firm/company,
   b) Experience certificate issued by the other Government department,
   c) Self-attested copy of PAN card of firm/company/individual,
   d) Self-attested copy of the ITR,
   e) An affidavit of Non-Blacklisting on Non-Judicial Stamp paper,
   f) Self-attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration and GST Return,
   g) Mobile Number & e-mail address
   i) Self declaration & signature.
4. The shortlisted application shall be called for interview through e-mail/mobile number provided by them.
5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever and the undersigned reserves his right to accept or to reject any application.

For further details, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Simdega. You may also contact the Secretary, District Legal Services Authority, Simdega. (Email id:- dlsasimdega@gmail.com.)

Sd/-
**Principal District Judge-cum-Chaiman,**
**DLSA, Simdega**

PR 295177 Law (23-24)_D

# आठ देशों के प्रतिनिधियों के साथ सोआ में लोकतांत्रिक परंपराओं पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के बारे में जानकारी लेने भारत आये आठ देशों के प्रतिनिधि शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंचे। इस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कटक में राज्य संग्रहालय और समुद्री संग्रहालय का दौरा किया, जबकि वे शिक्षा और अनुसंधान विभाग (सोआ) में इस मामले पर चर्चा करने के लिए एक कार्यशाला में भाग लेने वाले थे। शाम को प्रतिनिधिमंडल ने होटल मेफेयर में सोआ द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक संध्या में भाग लिया। इस मौके पर सोआ के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। पुर्तगाल, दक्षिण अफ्रीका, मंगोलिया, क्रोशिया, गुयाना, ब्राजील, बेल्जियम और बुल्गारिया के राजनेताओं, वकीलों, व्यापारियों, पत्रकारों, शिक्षाविदों और युवाओं का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ओडिशा पहुंचा है।

सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद, प्रो-चांसलर प्रो अमित बनर्जी, निर्देशक प्रो मानस कुमार मल्लिक, छात्रों मंगल के डीन प्रो ज्योति रंजन दास, अतिरिक्त डीन (छात्र मामले), आइटीइआर के प्रो रेणु शर्मा, अतिरिक्त डीन अनुसंधान प्रोफेसर प्रियब्रत पटनायक, यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम के निदेशक प्रो नचिकेता शर्मा, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के निदेशक देव प्रसाद दास और सोआ के संस्थापक अध्यक्ष ओएसडी प्रीतम नायक प्रमुख उपस्थित थे। लोकतांत्रिक परंपरा से संबंधित प्रजातांत्रिक शासन व्यवस्था के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारत का दौरा करने वाले आठ विभिन्न देशों के प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में शनिवार को एक कार्यशाला में भाग लिया।

भारतीय सांस्कृतिक अनुसंधान परिषद (आइसीसीआर) द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में द जेन-नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रतिनिधियों ने भारत की लोकतांत्रिक परंपरा के बारे में अधिक जानने के लिए भारत का दौरा किया।

सोआ ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए 14 से 16 अप्रैल तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया है। ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेश लाल और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मिलने का कार्यक्रम है।

आइसीसीआर की जानकारी के मुताबिक भारत जहां आजादी के 75 साल का जश्न मना रहा है, वहीं इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद इस लोकतांत्रिक यात्रा की सफलता और भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को दूसरे देशों तक पहुंचाना है।

# संबलपुर हिंसा को नियंत्रित करने के लिए और पुलिस बल भेजा है : डीजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर हिंसा को लेकर पुलिस महानिदेशक ने स्थिति पर प्रतिक्रिया दी है। हमने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए और पुलिस बल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर हैं। अब स्थिति शांत है। स्थिति के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि हिंसा भड़काने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

गौरतलब है कि संबलपुर में बंद इंटरनेट सेवा की अवधि फिर से बढ़ा दी गयी है। 17 तारीख को 10 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। राज्य के गृह विभाग की ओर से इंटरनेट सेवाएं बंद करने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जिले में जारी तनाव को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है।

बता दें कि 13 अप्रैल को 48 घंटे के लिए संबलपुर में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी थी। जैसे-जैसे स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ी जाती है, इंटरनेट सेवा की अवधि फिर से बढ़ा दी गयी है। उधर, संबलपुर शहर में कर्फ्यू लगा हुआ है। कर्फ्यू आधी रात से अगले आदेश तक लागू रहेगा। संबलपुर उप जिलाधिकारी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

# टाटा स्टील मेरामंडली ने उड़िया नववर्ष मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, नरेंद्रपुर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने उड़िया नव वर्ष और महाबिषुव संक्रांति के शुभ अवसर को एक भव्य उत्सव के साथ मनाया। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों में ओडापडा ब्लॉक की 28 पंचायतों और टीएसएम के आसपास के स्कूलों के 300 से अधिक प्रतिभागियों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ढेंकानाल के अतिरिक्त जिलाधिकारी उदय कुमार महापात्र, प्रसिद्ध उड़िया उपन्यासकार और कवि डॉ हिरण्मयी मिश्र मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। टाटा स्टील मेरामंडली विद्या प्रसाद डीआरआइ के प्रमुख और सुभ्रांशु शेखर पंडा कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख टीएसके और टीएसएम के अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए श्री महापात्र ने प्रश्चात्य प्रभाव के प्रभाव को कम करने के साथ ओडिया संस्कृति को संरक्षण और प्रचार प्रसार के लिए सांस्कृतिक मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, जबकि डॉ मिश्र ने उड़िया नव वर्ष के सांस्कृतिक महत्व, प्रकृति और धार्मिक मान्यताओं से इसके संबंध पर चर्चा की और छात्रों को अपनी भाषा और सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करने और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सोआ में फूड फेस्टिवल का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की जी-20 की अध्यक्षता के अवसर पर आयोजित जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत ओडिशा के एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) में शुक्रवार को फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। महा बिशूव संक्रांति के अवसर पर सोआ के छात्रों और फैकल्टी द्वारा तैयार किए गये इस फूड फेस्टिवल में 14 फूड स्टॉल पर ओडिशा के विभिन्न व्यंजन परोसे गये। फूड फेस्टिवल का उद्घाटन सोआ के अध्यक्ष प्रो प्रदीप कुमार नंद ने किया। सोआ कैंपस-द्वितीय में आयोजित इस फूड फेस्टिवल में कॉर्नचैट, बेलपना, गुपचुप, लेंबु सिकंजी, दही लस्सी, आलू पराठा, आलू कशा, छेनागजा, मालपुआ, मोमो, दहीबरा आलूदम, छैना काकरा, अरिशा पिठा, बारा और मटर करी, चकुली और डालमा और वेजिटेबल नूडल्स परोसे गये।

हालांकि इस फूड फेस्टिवल का एक अन्य आकर्षण मिलेट्ट अर्थात मंडिया में प्रस्तुत फूड था। मंडिया के तीन स्टॉल लगाये गये, जिनमें बिरयानी, लड्डू, कुकीज, मफिन और केक परोसे गये। सोआ के कुलपति प्रोफेसर नंद ने बताया कि जहां इस कार्यक्रम में छात्रों को स्वस्थ भोजन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

# टीएफएल ने बच्चों को पेन और मिठाई दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तालचेर फटलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) द्वारा बलंडा के निकट मीना बाजार में डॉ बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के पास जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर टीएफएल के महाप्रबंधक (परियोजनाएं) सत्यब्रत मिश्र मुख्य अतिथि थे, जबकि अखिल भारतीय उड्डयन संगठन के प्रांतीय नेता सुधीर कुमार खंडा सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहां पर उपस्थित सभी बच्चों के बीच पेन और मिठाई वितरित किया गया। टीएफएल के मुख्य प्रबंधक (संचार) सुमंत प्रधान, सीआइएसएफ के अतिरिक्त सहायक कमांडेंट किशोर कुमार पात्र, एमसीएल के सिस्टार के नेता अमर चंद नाएक, मनोज नाएक, बिप्र नायक के साथ दलित नारीनेत्री गीतारानी नाएक, और उर्वशी नायक प्रमुख उपस्थित थीं।

# रोजगार मेले के तहत भुवनेश्वर में वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** रोजगार मेले के तहत धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता भारत सरकार ने भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में भर्ती नये रंगरूटों को शारीरिक रूप से 231 नियुक्ति पत्र वितरित किये। बिशेश्वर टुडू केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री और जल शक्ति भारत सरकार ने कटक में आयोजित कार्यक्रम में 183 नियुक्ति पत्र वितरित किये और फग्गन सिंह कुलस्ते केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में 165 नियुक्ति पत्र वितरित किये।

रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक पदकप के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और इससे युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए उचित अवसर मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर डॉ आशित कुमार स्बाइ निदेशक जीएसटी एसयू ओड़िशा, प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास कार्यकारी निदेशक एम्स, भुवनेश्वर, देबाशीष पटनायक एजीएम (कार्मिक) आरएसपी, लोपामुद्रा महांति संचार लेखा नियंत्रक ओड़िशा, राधाश्याम महापात्र निदेशक (मानव संसाधन) नालको, पीएस पंडा क्षेत्रीय निदेशक, इएसआइसी भुवनेश्वर, प्रो पीवी सत्यम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, लिंगराज नायक प्रभारी एसएलबीसी (राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति), सुवेंदु स्बाई मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मनोज शर्मा महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे उपस्थित थे।

# केजरीवाल से सीबीआइ आज पूछताछ करेगी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में सीबीआइ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए मुख्यालय बुलाया है। इसकी को देखते हुए है दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**